


# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 276

ग्वालियर, मंगलवार, 30 नवम्बर, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## खास खबर

### तृणमूल सदस्य अर्पिता घोष का इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया : नायडू



**नई दिल्ली।** ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सांसद अर्पिता घोष का उच्च सदन राज्यसभा की सदस्यता से त्यागपत्र स्वीकार कर लिया गया है। सभापति एम वेंकैया नायडू ने सोमवार को यह जानकारी दी। दिवंगत सदस्यों के सम्मान में एक घंटे के लिए उच्च सदन की बैठक स्थगित रहने के बाद जब पुनः शुरू हुई तब सभापति नायडू ने अर्पिता घोष का इस्तीफा स्वीकार किए जाने के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि उच्च सदन में पश्चिम बंगाल का प्रतिनिधित्व कर रही अर्पिता ने 15 सितंबर 2021 को राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। सभापति ने कहा कि उन्होंने अर्पिता से बात की और 15 सितंबर 2021 को ही उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया। गौरतलब है कि अर्पिता घोष को मार्च, 2020 में तृणमूल कांग्रेस ने राज्यसभा के लिए मनोनयन किया था। उससे पहले वह 2019 में बेलूरघाट से लोकसभा चुनाव हार गई थीं।

### सूदखोरी खा गई पूरा परिवार

**भोपाल।** भोपाल में सूदखोरों से तंग आकर जहर खाने वाले ऑटो पार्ट्स व्यापारी का परिवार चार दिन में खत्म हो गया। पहले दो दोनों बेटियां, सास और पति की मौत के बाद सोमवार सुबह अर्चना की मौत हो गई। इसके साथ ही एक हंसते-खेलते परिवार का अंत हो गया। मरने के पहले सिर्फ परिवार के मुखिया और व्यापारी संजीव जोशी और उनकी पत्नी अर्चना के ही बयान हो सके। इसी आधार पर पुलिस सूदखोर गैंग की सरगना बबली दुबे उसकी बेटी रानी दुबे, सगी बहनें उर्मिला खांबरा, प्रमिला बेलदार को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। इधर 7 और नाम सामने आए हैं। यह वह नाम हैं, जिनसे अर्चना ने उधार लिया था। एएसपी राजेश सिंह भदौरिया का कहना है कि अर्चना और संजीव ने 5 से 7 और लोगों से उधार लिया था, लेकिन उनके द्वारा प्रताड़ित किए जाने की बात बयानों में नहीं कही। अब तक सिर्फ बबली, रानी, उर्मिला और प्रमिला द्वारा ही प्रताड़ित किए जाने की बात बयानों और सुसाइड नोट में है। हम सभी बिंदुओं और परिवार से जुड़े लोगों के बयान ले रहे हैं। इससे पहले शनिवार को सुबह उनकी बड़ी बेटी ग्रीष्मा की मौत हो गई थी, जबकि शुक्रवार को उनकी छोटी बेटी पूर्वी, मां नंदनी जिंदगी की जंग हार चुकी हैं।

## मुख्यमंत्री ने की प्रदेश में कानून-व्यवस्था की समीक्षा

# स्मार्ट पुलिसिंग की व्यवस्था को और बेहतर एवं प्रभावी बनाएँ: चौहान

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाया जाए। अपराधियों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाए। स्मार्ट पुलिसिंग की व्यवस्था को बेहतर और प्रभावी बनाएँ। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज मंत्रालय में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से पुलिस महानिरीक्षकों एवं पुलिस अधीक्षकों को संबोधित कर रहे थे।



**गंभीर अपराधों में सजा का प्रतिशत बढ़ाएँ:** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कानून-व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि चिन्हित अपराध भी गंभीर अपराध की श्रेणी में आते हैं। ऐसे अपराधों में सजा का प्रतिशत बढ़ायें। उन्होंने कहा कि सूदखोरों पर तत्परता से कार्यवाही करें। साइबर अपराध एवं साइबर सुरक्षा की भविष्य की कार्य-योजना को शीघ्र अमल में लाकर कार्यवाही करें। राष्ट्रीय काउंटर ड्रोन नीति की तैयारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशानुसार करें। सीसीटीवी प्रणाली के रख-रखाव, हार्डवेयर के मानकीकरण के लिए सर्वोत्तम उपायों की पहचान करें। विदेशियों के वीजा अवधि से अधिक रहने के मुद्दों पर कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि वैमनस्यता फैलाने वाले और समाज को तोड़ने वाले संगठनों की पहचान करें। अवांछित विदेशी फंडिंग प्राप्त कर रहे गैर सरकारी संगठनों को चिन्हित कर रोकने की कार्यवाही करें।

**सीमावर्ती क्षेत्रों में प्रशासनिक व्यवस्था को सुचारु बनाएँ:** सीमावर्ती क्षेत्रों में प्रशासनिक व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए कलेक्टर-एसपी के सतत संयुक्त भ्रमण हों। राष्ट्रीय स्तर पर गठित पुलिस टेक्नोलॉजी मिशन के तहत आवश्यक कार्यवाही करें। नक्सल विरोधी अभियानों में ड्रोन आधारित निगरानी और तकनीकी का उपयोग करें। ऐसे क्षेत्र में शासकीय योजनाओं का लाभ प्राथमिकता से पहुँचाए और संवेदनशीलता के साथ व्यवहार करें, जिससे लोग असंतुष्ट न हों। इसके लिए अभियान के तौर पर कार्य करें।

**अपराधों को प्रभावी ढंग से रोकें:** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रदेश में अपराधों को प्रभावी ढंग से रोकने और कमी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि त्वरित कार्रवाही करें एवं अपराधियों में खौफ पैदा करें। उन्होंने उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करने के निर्देश दिए। संपत्ति संबंधी अपराधों का विश्लेषण कर प्रभावी कार्रवाही सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जिलों के समग्र मूल्यांकन के आधार पर कमजोर प्रदर्शन वाले जिलों के पुलिस अधीक्षकों को अपराधों पर प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि न्यायपूर्ण कार्यवाही सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने गुम बालक-बालिकाओं की दस्तयाबी के लिए अभियान चलाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दस्यु गिरोह समाज के दुश्मन हैं जिन पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि डकैतों को किसी भी कीमत में पनपने नहीं दिया जाये।

## पीएम मोदी ने कभी भी मन की बात का राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल नहीं किया: नड्डा



**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कभी भी अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात को राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल नहीं किया और इसके माध्यम से विभिन्न मुद्दों को जिस तरह से पेश किया वह न केवल प्रेरणादायक है, बल्कि उत्साहजनक भी है। पार्टी के एक बयान के अनुसार नड्डा ने कहा भाजपा का लक्ष्य मई 2022 तक देश भर के हर बूथ पर लोगों के लिए मन की बात सुनने के लिए कार्यक्रम आयोजित करना है। भाजपा अध्यक्ष ने मोदी के इस महीने के रेडियो कार्यक्रम के एपिसोड को वसंत विहार जोन के मोती बाग में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और समर्थकों के साथ सुना। इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा, केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी और पार्टी की दिल्ली इकाई के प्रमुख आदेश गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद थे। नड्डा ने कहा पिछले सात वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी ने राजनीतिक लाभ के लिए कभी भी मन की बात का इस्तेमाल नहीं किया। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने अपने मन की बात (कार्यक्रम) में देश-विदेश की संस्कृति, रीति-रिवाजों, जीवन शैली, प्रदूषण, महिला सशक्तिकरण, खेल और अर्थशास्त्र के मुद्दों को जिस तरह से प्रस्तुत किया है वह न केवल प्रेरणादायक है।

# किसानों की भलाई के लिए लाए गए थे तीन कृषि कानून, कांग्रेस ने किया दोहरा व्यवहार: तोमर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने सोमवार को कांग्रेस पर तीन विवादास्पद कृषि कानूनों के मुद्दे पर दोहरा रुख अपनाने का आरोप लगाया और दावा किया कि सरकार इन कानूनों को किसानों की भलाई के लिए लेकर आई थी।

तीन कृषि कानूनों को निरस्त करने के लिए सरकार द्वारा लाए गए कृषि विधि निरसन विधेयक को राज्यसभा में पेश करते हुए तोमर ने कहा किसानों की भलाई के लिए सरकार तीनों कानूनों को लेकर आई थी, लेकिन हम सभी को इस बात का दुख है कि कई बार प्रयत्न करने के बावजूद और कांग्रेस पार्टी के लोग अपने घोषणा पत्र में रखने के बाद भी उस पर दोहरा रुख अपनाते रहे हैं। ज्ञात हो कि भाजपा दावा करती रही है कि कांग्रेस ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में तीनों कृषि कानूनों की तर्ज पर कानून लाने का वादा किया था, लेकिन वैसे ही प्रवाधानों वाले



कानून केंद्र सरकार लेकर आई तो कांग्रेस विरोध पर उतारू हो गई।

उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'ऐतिहासिक बड़प्पन' का परिचय दिया और गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व पर उन्होंने इन कृषि कानूनों को वापस लेने की घोषणा की। उन्होंने कहा यह प्रधानमंत्री की कथनी और करनी की एकरूपता का परिचायक है कि हम यहां इन कानूनों को वापस लेने आए हैं। सत्ता पक्ष भी तैयार है और विपक्ष भी मांग करता रहा है। विधेयक को पारित करने का अनुरोध करते हुए उन्होंने कहा इस विषय को आगे बढ़ाने की जरूरत नहीं है। चर्चा की कोई जरूरत नहीं है। मैं समझता हूं कि विधेयक को पारित किया जाना चाहिए। इससे पहले, विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने दावा किया कि पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में संभावित नुकासन को देखते हुए सरकार इन काले कानूनों को वापस लेने पर मजबूर हुई है। उन्होंने कहा इसे वापस लेने की मांग को लेकर आंदोलन चल रहा था और सारे देश में इन कानूनों के खिलाफ माहौल बन गया था। पिछले दिनों हुए उपचुनावों में भी इसका प्रभाव दिखा। अब पांच राज्यों में चुनाव हैं। उन्हें लगा कि उपचुनाव में ऐसे परिणाम हैं तो पांच राज्यों में परिणाम क्या होंगे? उच्च सदन में सोमवार को कृषि विधि निरसन विधेयक को बिना चर्चा के पारित कर दिया गया।

### मप्र में बने 20 के सिक्के बाजार में खनकेंगे

**भोपाल।** 20 रुपए के सिक्के अभी भले बाजार में कम दिख रहे हैं, लेकिन कुछ दिन बाद दुकानों से लेकर ग्राहकों की जेबों में इनकी खनक बढ़ने वाली है, क्योंकि पीथमपुर स्थित सिक्के बनाने की फैक्टरी से हाल ही में 27 करोड़ 20 के सिक्कों की सप्लाय मुंबई, कोलकाता, हैदराबाद और नोएडा टकसाल को कर दी गई है। वहां से ये सिक्के आरबीआई के माध्यम से जारी किए जाएंगे। इसके बाद ये बाजार में आएंगे। पीथमपुर स्थित मित्तल एप्लायंस एंड कंपनी प्लांट से कुल 540 करोड़ रुपए के सिक्के भेजे गए हैं। कंपनी के चेयरमैन दिनेश मित्तल के मुताबिक बीते साल केंद्र सरकार ने 80 करोड़ सिक्के बनाने का टेंडर जारी किया था। इनमें 27 करोड़ सिक्के बनाने का करार पीथमपुर से हुआ था। बाकी का टेंडर फरीदाबाद और हिसार की कंपनियों को मिला था। फैक्टरी में सिक्के कोरे बनते हैं, इसमें कहीं भी लिखा नहीं होता है कि ये 5 के या 20 के हैं।






# सरकार चर्चा से डरती है, इसलिए बिना चर्चा के कृषि कानून वापस लिए गए: राहुल गांधी




**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कृषि कानूनों की वापसी के विधेयक को संसद में पास कराए जाने के तरीके पर सवाल उठाया है और कहा है कि सरकार ने बिन चर्चा के तीनों कानूनों को वापस लेने के विधेयक को पास कराया है। राहुल गांधी ने कहा है कि सरकार चर्चा से डरती है, इसलिए इस तरीके से इस विधेयक को पास कराया गया है। राहुल गांधी ने कहा कि कृषि कानूनों को वापस लिए जाना दर्शाता है कि हिंदुस्तान में किसानों को दबाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि 3-4 पूंजीपतियों की शक्ति हिंदुस्तान के किसानों के सामने खड़ी नहीं हो सकती। संसद में किसान कानून वापसी विधेयक पास होने के बाद मीडिया को दिए बयान में राहुल गांधी ने कहा, ÷हमने कहा था कि जो तीन काले कानून हैं इनको वापस लेना पड़ेगा, इसलिए कहा था क्योंकि हमें मालूम था कि 3-4 बड़े पूंजीपती हैं उनकी शक्ति हिंदुस्तान के किसानों के सामने खड़ी नहीं हो सकती, वही हुआ, जो तीन काले कानून थे उनको अंत में रद्द करना पड़ा, यह किसानों मजदूरों की सफलता है, एक प्रकार से देश की सफलता है, मगर जिस प्रकार से ये कानून रद्द किए गए, संसद में इसके बारे में चर्चा नहीं होने दी, यह दिखाता है कि सरकार चर्चा से डरती है, दिखाता है कि सरकार जानती है कि उन्होंने गलत काम किया और सरकार डरती है।

राहुल गांधी से पत्रकारों ने कहा कि सरकार ने इसलिए चर्चा नहीं कराने का फैसला किया है क्योंकि कानूनों को रद्द कर दिया गया है तो इसके जवाब में राहुल गांधी ने कहा कि चर्चा नहीं करनी है तो फिर संसद की क्या जरूरत है।









## न्यूज़ ट्रैक....

### मोटरसाइकिल दुर्घटना में घायल हुए वॉर्न



**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज स्पिनर शेन वॉर्न मोटरसाइकिल दुर्घटना में घायल हो गये हैं उनके कूल्हे, घुटने और टखने में चोटें आई। इस हादसे के समय उनका बेटा जैक्सन भी उनके साथ था पर उसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पायी है। यह हादसा तब हुआ जब वार्न अपने बेट के साथ मेलबर्न में एक बाइक की सवारी कर रहे थे। राहत की बात यह है कि उनकी चोट गंभीर नहीं है। एक रिपोर्ट के अनुसार वॉर्न अपने बेटे जैक्सन के साथ बाइक से जा रहे थे तभी यह हादसा हुआ जिसमें वह गिरे तो 15 मीटर से अधिक तक घिसटते चले गए। दुर्घटना के बाद वॉर्न ने कहा, मैं थोड़ा पस्त, चोटिल और बहुत दुखी हूं पहले मुझे लगा कि पैर या कूल्हे में कोई फ्रेक्चर हुआ है पर खुशकिस्मती से ऐसा कुछ नहीं हुआ। ऐसे में उनके अगले माह शुरु होने वाली एशेज सीरीज में कॉमेंट्री करने की उम्मीद बनी हुई हैं।



Œ „ · ` Ł • / Ø· ˛ Ł» ˝/Ø¯U

### बेली को हैरिस से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीदें

**सिडनी ।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने कहा है की है कि मार्कस हैरिस आगामी एशेज सीरीज में सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर के साथ पारी शुरु करेंगे। बाएं हाथ के बल्लेबाज हैरिस ने शेफील्ड शील्ड सीज़न में शानदार प्रदर्शन कर सबका ध्यान खींचा था। हैरिस ने यहां शतक लगाया था जिससे टीम में उनकी जगह पक्की को गयी है। बेली ने कहा, हैरी को पूर्व में कम अवसर मिले थे और वह अंदर और बाहर रहा है, इसलिए हम उसके बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद कर सकते हैं। उन्होंने कहा, हमें उसकी बल्लेबाजी की निरंतरता पसंद है। उन्होंने कहा, वह स्पष्ट रूप से यहां घरेलू स्तर पर सबसे ज्यादा रन बनाने वाला रहा है। हम इस तथ्य से भी प्यार करते हैं कि वह विदेश गया और लीसेस्टर के लिए भी एक अच्छा वर्ष रहा। हैरिस साल 2019 में एशेज के दौरान भी ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल थे पर तब उन्हें खेलने का अवसर नहीं मिला था हालांकि वह इस बार बेहतर प्रदर्शन कर टेस्ट प्रारुप में अपना स्थान पक्का करना चाहेंगे। सभी की निगाहें उन पर होंगी क्योंकि वार्नर के सलामी जोड़ीदार की तलाश चल रही है। हैरिस को यह अवसर इसलिए मिल रहा है क्योंकि सलामी बल्लेबाज विल पुकोवस्की सिर में लगी चोट के कारण एशेज से बाहर हैं।

64वीं राष्ट्रीय रायफल शूटिंग चैम्पियनशिप-2021

# मप्र अकादमी के ऐश्वर्य एवं अविनाश ने स्वर्ण पदक पदक पर साधा निशाना

### 50 मीटर थ्री पोजिशन स्पर्धा में अकादमी के खिलाड़ियों ने 4 स्वर्ण, 1 रजत और 2 कांस्य पदक सहित कुल 7 पदक जीते

**भोपाल ।** मध्यप्रदेश शूटिंग अकादमी के स्टार और ओलंपियन ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने यहां खेली जा रही 64वीं राष्ट्रीय रायफल शूटिंग चैंपियनशिप-2021 में आज 50 मीटर थ्री पोजिशन सीनियर मेन्स तथा जूनियर मेन्स के व्यक्तिगत एवं टीम के फायनल मुकाबले खेले गए। मप्र अकादमी के स्टार ओलंपियन ऐश्वर्य एवं अविनाश ने स्वर्ण पदक पदक पर साधा निशाना। ऐश्वर्य एवं अविनाश ने तीन-तीन स्वर्ण पदक व्यक्तिगत और टीम स्पर्धा में अर्जित किए। ऐश्वर्य प्रताप सिंह ने सीनियर मेन्स इवेन्ट में कांस्य पदक अर्जित किया। वही जूनियर व्यक्तिगत और टीम स्पर्धा में तीन स्वर्ण पदक अर्जित किए। वहीं अकादमी के अविनाश यादव ने रजत पदक जीतकर मप्र की झोली में कुल 3 पदक कर दिए। ऐश्वर्य ने 50 मीटर रायफल थ्री पोजीशन जूनियर में स्वर्ण और 50 मीटर रायफल थ्री पोजीशन मेन में कांस्य पदक जीता। वहीं, मप्र के अविनाश ने 50 मीटर रायफल थ्री पोजीशन जूनियर वर्ग में रजत पदक अपने नाम किया। चैम्पियनशिप का आयोजन खेल और युवा कल्याण विभाग एवं भारतीय राष्ट्रीय रायफल संघ के संयुक्त तत्वावधान में 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक किया जा रहा है। चैंपियनशिप में 10 और 50 मीटर के इवेंट खेले जा रहे हैं।

**पुरस्कार वितरण :** प्रमुख सचिव ट्रायबल एंड वेलफेयर मप्र पल्लवी जैन गोविल, कलेक्टर अविनाश लवानिया, एसटीएफ एडीजी विपिन माहेश्वरी, एडीजी विजय कटारिया, संचालक खेल रवि कुमार गुप्ता के आतिथ्य में विजेता खिलाड़ियों को स्पर्धा के पुरस्कार वितरित किए। भारतीय रायफल संघ के संयुक्त महासचिव पवन कुमार विशेष रूप से उपस्थित थे। पुरस्कार वितरण के उपरांत संचालक खेल और युवा रवि कुमार गुप्ता ने समस्त अतिथियों को विभाग की तरफ से स्मृति चिह्न भेंट किए।

#### मध्य प्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी के खिलाड़ियों द्वारा अर्जित पुरस्कार

1. सीनियर मेन्स 50 मीटर रायफल थ्री पोजिशन व्यक्तिगत स्पर्धा, एश्वर्य प्रताप तोमर -कांस्य पदक
2. सीनियर मेन्स 50 मीटर राफल थ्री पोजिशन सिविलियन व्यक्तिगत स्पर्धा, गोल्डी गुर्जर -स्वर्ण, हर्षित बिंजवा'- रजत पदक।
3. सीनियर मेन्स 50 मीटर रायफल थ्री पोजिशन टीम स्पर्धा- ऐश्वर्य प्रताप सिंह, गोल्डी गुर्जर, हर्षित बिंजवा - स्वर्ण पदक।
4. सीनियर मेन्स 50 मीटर रायफल थ्री पोजिशन सिविलियन टीम स्पर्धा- गोल्डी गुर्जर, हर्षित बिंजवा, अविनाश यादव -स्वर्ण पदक
5. जूनियर मेन्स 50 मीटर रायफल थ्री पोजिशन व्यक्तिगत स्पर्धा - ऐश्वर्य प्रताप सिंह- स्वर्ण पदक, अविनाश यादव रजत पदक।
6. जूनियर मेन्स 50 मीटर रायफल थ्री पोजिशन टीम स्पर्धा - अविनाश यादव, ऐश्वर्य प्रताप सिंह, याकूब सिद्दीकी- स्वर्ण पदक।
7. जूनियर मेन्स 50 मीटर रायफल थ्री पोजिशन सिविलियन टीम स्पर्धा- अविनाश यादव, याकूब सिद्दीकी, अक्स गोहिल - कांस्य पदक।

## छह श्रीलंकाई महिला क्रिकेटरों में कोरोना की पुष्टि हुई : एसएलसी

### स्वदेश भेजने के प्रयास किये जाएंगे : आईसीसी

**हरारे ।** यहां विश्व कप क्वालीफाइंग क्रिकेट टूर्नामेंट में भाग लेनी आई छह श्रीलंकाई महिला क्रिकेटरों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है। इन क्रिकेटरों को विश्व कप शुरु होने से पहले ही जांच में संक्रमित पाये जाने के बाद पृथकवास में भेज दिया गया था। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड (एसएलसी) ने माना है कि इन क्रिकेटरों में संक्रमण किस प्रकार का है यह अभी नहीं पता चला है। एसएलसी ने कहा कि टीम को वापसी लाने के प्रयास किये जा रहे हैं। गौरतलब है कि दक्षिण अफ्रीका में कोविड-19 के नये संस्करण ओमिक्रॉन के सामने आने के बाद कई देशों ने उसके साथ यात्रा प्रतिबंध लगा दिये हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भी जिम्बाब्वे में महिला क्रिकेट विश्व कप क्वालीफाइंग टूर्नामेंट को रद्द कर दिया है। ओमिक्रॉन वायरस संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए कई देशों ने सीमा नियंत्रण को कड़ा करने के साथ ही जिम्बाब्वे सहित कई देशों से यात्रा पर प्रतिबंध लगा दिये हैं। आईसीसी ने वेस्टइंडीज और श्रीलंका के बीच शनिवार के खेल को रद्द करने के बाद शेष विश्व कप क्वालीफायर को रद्द करने का निर्णय लिया था। जब श्रीलंकाई सहयोगी स्टाफ के एक सदस्य को कोविड????-19 के लिए पॉजिटिव पाया गया था। क्वालीफायर रद्द होने के बाद आईसीसी ने कहा कि बांग्लादेश, पाकिस्तान और वेस्टइंडीज अपनी रैंकिंग के आधार पर अगले साल न्यूजीलैंड में होने वाले विश्व कप में आगे बढ़ेंगे। तीन देश न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, भारत, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका में शामिल होंगे। आईसीसी के हेड ऑफ इवेंट्स क्रिस टेटली ने एक बयान में कहा, हम इस घटना के कारण शेष कार्यक्रम को रद्द करने के लिए निराश हैं पर इसके अलावा कोई विकल्प नहीं था। साथ ही कहा कि हम जितनी जल्दी हो सके टीमों को जिम्बाब्वे से बाहर कर देंगे।

### मुम्बई इंडियंस की ओर से खेल सकते हैं श्रेयस

**मुम्बई ।** बल्लेबाज श्रेयस अय्यर इंडियन प्रीमियर लीग के अगले सत्र में कप्तान रोहित शर्मा की मुम्बई इंडियंस से खेल सकते हैं। आईपीएल-2022 से पहले एक मेगा नीलामी होगी। इसके लिए सभी टीमों को चार खिलाड़ियों को ही बरकरार रखने की अनुमति मिली है। एक रिपोर्ट के अनुसार अय्यर को दिल्ली कैपिटल्स शायद ही बरकरार रखे। दिल्ली टीम वर्तमान कप्तान ऋषभ पंत, कागिसो रबाडा, पृथ्वी शॉ और अक्षर पटेल को बरकरार रखने रख सकती है। श्रेयस को इस बार मेगा नीलामी में बड़ी रकम मिल सकती है। जिस प्रकार न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले ही टेस्ट में अय्यर ने शानदार बल्लेबाजी की है। उससे भी सभी टीमें उन्हें खरीदना चाहेंगी। एक रिपोर्ट के अनुसार, मुंबई अय्यर को शामिल करने की योजना बना रही है। इसका कारण यह है कि घरेलू क्रिकेट में रोहित और श्रेयस दोनों ही मुंबई की ओर से खेलते हैं।

## दूसरे टेस्ट से बाहर हो सकते हैं रहाणे और पुजारा

**कानपुर ।** बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे और चेतेश्वर पुजारा की मुश्किलें समाप्त होने का नाम नहीं ले रहीं। न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में से दोनो ही बल्लेबाज रन नहीं बना पाये हैं। पिछले काफी समय से अपने खराब फार्म को लेकर ये निशाने पर रहे थे। ऐसे में इन दोनो पर ही रन बनाने का दबाव था जिसे ये नाकाम रहे हैं। ऐसे में माना जा रहा है दूसरे टेस्ट में इन दोनो की जगह खतरे में हैं। इसका कारण यह है कि दूसरे मैच में कप्तान विराट कोहली की वापसी होगी। वहीं लोकेश राहुल की जगह पहले टेस्ट में शामिल श्रेयस अय्यर ने जिस प्रकार अच्छी बल्लेबाजी की है और पहली पारी में शतक जबकि





दूसरी पारी में अर्धशतक लगाया है। उससे उनकी जगह दूसरे टेस्ट के लिए पक्की हो गयी है। कानपुर टेस्ट में रहाणे दोनों पारियों में मिलाकर भी 50 रन नहीं बना सके। उन्होंने पहली पारी में 35 और दूसरी पारी में केवल 4 रन ही बनाए। वहीं पुजारा भी दोनों पारियों में मिलाकर अर्धशतक तक नहीं लगा पाये। पुजारा ने कानपुर टेस्ट की पहली पारी में 26 और दूसरी पारी में 22 रन बनाए।इन हालातों में दूसरे टेस्ट में कोहली की वापसी पर रहाणे या पुजारा में से किसी एक को बाहर किया जाना तय है। पारी की शुरुआत शुभमन गिल और मयंक अग्रवाल ही करेंगे। यदि रहाणे और पुजारा दोनों को बाहर किया जाता है, तो विकेटकीपर बल्लेबाज श्रीकर भरत या सूर्यकुमार यादव को डेब्यू का मौका मिल सकता है। रहाणे ने इस पारी से पहले की 20 पारियों में सिर्फ 407 रन ही बनाए। इस दौरान उनका औसत भी बेहद खराब सिर्फ 20.3 का ही रहा। रहाणे ने अपना पिछला शतक दिसंबर 2020 में लगाया था. तब रहाणे ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मेलबर्न टेस्ट में 112 रन की पारी खेली थी। कुछ ऐसा ही हाल पुजारा का भी रहा। पुजारा ने अपना आखिरी टेस्ट शतक जनवरी 2019 में लगाया था। वह पिछले 23 टेस्ट और 39 पारियों से तिहरे अंक तक नहीं पहुंचे हैं। इस दौरान उनका औसत 28.78 रहा है।

### 17 मार्च से शुरू होगी ऑस्ट्रेलिया-न्यूजीलैंड टी20 सीरीज

**मेलबर्न ।** ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की टीमें वेलिंगटन में 17 मार्च से शुरू हो रही तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में खेलेंगी। वहीं दो अन्य टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच 18 मार्च (वेलिंगटन) और 20 मार्च (नेपियर) में खेले जाएंगे। इसमें हालांकि ऑस्ट्रेलियाई टीम डेविड वार्नर, स्टीव स्मिथ, पैट कमिंस और मिशेल स्टार्क के बिना ही उतरेगी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के प्रमुख निक हॉकले ने कहा कि यह दौरा कोविड-19 महामारी के कारण हुए नुकसान को देखते हुए न्यूजीलैंड क्रिकेट के सहयोग के लिए अहम रहेगा। कोरोना महामारी के कारण न्यूजीलैंड का गर्मियों का क्रिकेट कार्यक्रम बाधित हुआ था और हमें खुशी है कि हम इस टी20 अंतरराष्ट्रीय दौरे से अपने करीबी पड़ोसी का सहयोग कर पाएंगे। वहीं इस सप्ताह के शुरू में ऑस्ट्रेलिया ने मार्च और अप्रैल में पाकिस्तान के तीन प्रारूपों के दौरे की पुष्टि की थी जो 24 साल में उनका पाकिस्तान का पहला दौरा होगा।

## व्यापारन्यूज

### एशियाई बाजारों में मिलाजुला कारोबार

**मुंबई ।** एशियाई बाजारों में मिलाजुला कारोबार देखने को मिल रहा है। एसजीएक्स निफटी 119.50 अंक की बढ़त दिखा रहा है। वहीं निक्केई करीब 0.02 फीसदी की गिरावट के साथ 28,746.49 के आसपास दिख रहा है। स्ट्रेट टाइम्स में 0.96 फीसदी की कमजोरी दिखा रहा है। ताइवान का बाजार 0.07 फीसदी गिरकर 17,356.54 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। जबकि हैंगसेंग 0.35 फीसदी टूटकर 23,997.29 के स्तर पर नजर आ रहा है। कोस्पी 0.31 टूटा है। वहीं शंघाई कम्पोजिट 0.25 फीसदी की गिरावट के साथ 3,556.58 के स्तर पर दिख रहा है।

### रुपया सात पैसे मजबूत खुला



**मुंबई ।** सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया सात पैसे मजबूत हो कर 74.82 पर खुला। वहीं शुक्रवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 36 पैसे की कमजोरी के साथ 74.87 रुपए के स्तर पर बंद हुआ। डॉलर में कारोबार काफी समझदारी से करने की जरूरत होती है, नहीं तो निवेश पर असर पड़ सकता है।

### खुल गई सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड स्कीम

**मुंबई ।** सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड योजना का 8वां राउंड सोमवार 29 नवंबर से सब्सक्रिप्शन के लिए खुल गया है। एसजीबी सीरीज 8 के लिए सब्सक्रिप्शन 3 दिसंबर 2021 को बंद होगा। बॉन्ड जारी करने की तिथि 7 दिसंबर 2021 निर्धारित की गई है। इस राउंड में 4,791 रुपए प्रति ग्राम के हिसाब से सोना खरीदने का मौका मिलेगा। यानी 10 ग्राम सोने के लिए भाव 47910 रुपए होगा। ऑनलाइन खरीदारी और डिजिटल पेमेंट करने वाले ग्राहकों को 50 रुपए प्रति ग्राम की छूट अलग से मिलेगी। आरबीआई गोल्ड बॉन्ड एक निवेश विकल्प के रूप में अच्छा ऑप्शन है क्योंकि ये बॉन्ड सरकार की तरफ से जारी किए जाते हैं। सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड (एसजीबी) पर हर साल एक निश्चित ब्याज निवेशकों को मिलता है। इस ब्याज की दर 2.5 फीसदी सालाना तय की गई है। यह ब्याज छमाही आधार पर निवेशक को प्राप्त हो जाता है। हालांकि इसे करदाता की अन्य सोर्स से इनकम में जोड़ा जाता है। इसके अलावा गोल्ड की जिस मात्रा के लिए निवेशक ने भुगतान किया है, वह पूरी तरह सुरक्षित रहती है।


### 12 दिसंबर को लांच होगा शाओमी-12 स्मार्टफोन

**नई दिल्ली ।** चीन की स्मार्टफोन निर्माता कंपनी शाओमी जल्द ही अपने अब तक के सबसे बेहतरीन स्मार्टफोन शाओमी-12 को लॉन्च करने वाली है। इस फोन को अगले माह 12 दिसंबर को लॉन्च किया जा सकता है। इसकी खासियतों की बात की जाए तो इसमें कर्व्ड स्क्रीन, पंच-होल सेल्फी कैमरा और 50एमपी का मेन कैमरा है। शाओमी-12 को 12 दिसंबर के दिन ग्लोबल बाजार में लॉन्च किया जाएगा और इसमें 120हर्ट्ज के रिफ्रेश रेट को सपोर्ट करने वाली कर्व्ड डिस्प्ले और अल्ट्रासॉनिक फिंगरप्रिंट सेंसर दिया जा सकता है। यह फोन 120 वॉट की फास्ट चार्जिंग तकनीक को सपोर्ट करेगा। कीमत की बात की जाए तो शाओमी 12 स्मार्टफोन को लेकर कुछ लीक्स सामने आए हैं जिनके मुताबिक शाओमी 12 की कीमत 80,000 से 90,000 रुपये के बीच रखी जा सकती है।

## अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कीमतों में सतत गिरावट के बाद ही घटेंगे पेट्रोल-डीजल के दाम

**नई दिल्ली ।** पेट्रोल-डीजल की आसमान छूती कीमतों पर अंकुश लगाने में अक्षम सरकार की ओर से ताजा बयान आया है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल के दाम यदि कुछ और दिन तक निचले स्तर पर बने रहते हैं, तभी देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें नीचे आएंगी। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि घरेलू स्तर पर खुदरा कीमतें 15 दिन के रोलिंग औसत के आधार पर तय की जाती हैं। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कीमतों में सतत गिरावट के बाद ही यहां दाम घटेंगे। वैश्विक बेंचमार्क ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतें नवंबर में (25 नवंबर तक) मोटे तौर पर लगभग 80 से 82 डॉलर प्रति बैरल के दायरे में रही हैं। गत शुक्रवार को कच्चे तेल का दाम करीब चार डॉलर प्रति बैरल और घट गया था। उसके बाद ब्रेंट वायदा में बिकवाली से लंदन के आईसीई में इसकी कीमत छह डॉलर और घटकर 72.91 डॉलर प्रति बैरल पर बंद हुई।

सूत्रों ने कहा कि यह कोविड के नए स्वरूप ओमीक्रोम की वजह से पैदा हुए डर की तत्काल प्रतिक्रिया लगती है। सार्वजनिक क्षेत्र की



पेट्रोलियम कंपनिया इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन (एचपीसीएल) दैनिक आधार पर पेट्रोल और डीजल की कीमतों में संशोधन करती हैं। लेकिन यह संशोधन पिछले पखवाड़े में औसत बेंचमार्क अंतरराष्ट्रीय दरों के हिसाब से होता है। इसलिए रविवार की कीमत पिछले 15 दिन के औसत से तय होगी। एक सूत्र ने कहा, शुक्रवार को दरों में गिरावट से स्वाभाविक रूप से यह उम्मीद बन रही थी कि पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल और डीजल के दाम घटेंगे। लेकिन खुदरा कीमतें ऐसे तय नहीं होतीं। चूंकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें नवंबर के अधिकांश दिनों में सीमित दायरे में रही हैं, ऐसे शुक्रवार को आई गिरावट से औसत मूल्य पर कोई विशेष प्रभाव नहीं पड़ेगा। एक सूत्र ने कहा, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जब कीमतों में गिरावट कुछ और दिन बनी रहेगी, तभी यहां पेट्रोल और डीजल के दाम नीचे आएंगे। हाल में अमेरिका, जापान और दक्षिण कोरिया सहित भारत जैसे प्रमुख तेल उपभोक्ता देशों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों को कम करने के संयुक्त प्रयास के तहत अपने रणनीतिक भंडार से कच्चे तेल को जारी करने की घोषणा की थी। लेकिन इन घोषणाओं का भी अंतरराष्ट्रीय कीमतों पर ज्यादा असर नहीं पड़ा है।

## जियो ने भी मोबाइल प्रीपेड रिचॉर्ज के दाम बढ़ाए

नई दिल्ली । एयरटेल, वोडा आइडिया के बाद देश की सबसे बड़ी टेलीकॉम कंपनी जियो ने भी मोबाइल प्रीपेड रिचॉर्ज के दाम बढ़ा दिए हैं। जियो ने प्रीपेड रिचार्ज के दाम 20 प्रतिशत तक बढ़ा दिए हैं। एयरटेल ने भी इससे पहले प्रीपेड रिचार्ज के दाम 25 फीसदी तक बढ़ा दिए थे। एयरटेल के नए रेट 26 नवंबर से लागू भी हो गए हैं। रिलायंस जियो ने भी अपने टैरिफ प्लान के रेट बढ़ा दिए हैं। जियो ने रविवार को नए अनलिमिटेड प्लान की घोषणा की। यह प्रीपेड प्लान 1 दिसंबर से लागू होंगे। रिलायंस जियो का दावा है कि उसके टैरिफ रेट अब भी सबसे किफायती हैं।

जियो के प्लान में 31 से लेकर 480 रुपये तक का इजाफा किया गया है। जियोफोन के लिए विशेष तौर पर लाए गए पुराने 75 रुपये के प्लान की नई कीमत अब 91 रुपये होगी। वहीं अनलिमिटेड प्लान का 129 रुपये वाला टैरिफ प्लान अब 155 रुपये में मिलेगा। एक साल की वैधता वाले प्लान में रेट सबसे ज्यादा बढ़े हैं। पहले यह प्लान 2399 रुपये में प्रीपेड ग्राहकों मिलता था पर अब इसके लिए ग्राहक को 2879 रुपये खर्च करने पड़ेंगे।

रिलायंस जियो के डाटा एड ऑन प्लान के रेट भी बढ़ गए हैं। 6 जीबी वाला 51 रुपये के प्लान के लिए अब 61 रुपये और 101 वाले 12 जीबी वाले एडऑन प्लान के लिए अब 121 रुपये लगेंगे। सबसे बड़ा 50 जीबी वाला प्लान भी अब 50 रुपये महंगा हो कर 301 रुपये का हो गया है। वोडा-आइडिया के ग्राहकों को 79 रुपये का प्लान 99 रुपये में मिलेगा। 149 वाला प्लान 179 रुपये में और 1,498 वाला प्रीपेड प्लान अब 1,799 रुपये में रिचार्ज कराना होगा। 2,399 रुपये वाला प्लान अब 2,899 रुपये का हो गया है। डेटा टॉपअप की बात करें तो 48 रुपये का टॉप अप अब 58 रुपये में मिलेगा। 98 रुपये का प्लान 118 रुपये और 251 रुपये का टॉपअप 298 का कर दिया गया है। 351 वाले प्लान के लिए सीधे 418 रुपये खर्च करने होंगे।

## एक दिसंबर से महंगी होने वाली हैं माचिस समेत कई रोजमर्रा के इस्तेमाल की चीजें

**नई दिल्ली ।** साल के आखिरी माह यानी दिसंबर के शुरू होने में अब चंद दिन बचे हैं। नए महीने में आम लोगों को महंगाई की मार झेलनी पड़ेगी। दरअसल, माचिस समेत रोजमर्रा से जुड़ी कई चीजें महंगी होने वाली हैं। आइए जानते हैं कि 1 दिसंबर से क्या कुछ महंगा हो जाएगा। एक दिसंबर से माचिस के दाम 1 रुपए बढ़ जाएंगे। इस बढ़ोतरी के बाद माचिस की नई कीमत 2 रुपए होगी। करीब 14 साल बाद कीमत में बढ़ोतरी हुई है। आखिरी बार साल 2007 में माचिस की कीमत में 50 पैसे की बढ़ोतरी हुई थी। पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने अपने बचत खाताधारकों को बड़ा झटका दिया है। दरअसल, सेविंग्स अकाउंट की ब्याज दरों में कटौती की गई है। अब सालाना ब्याज दर 2।90 फीसदी से घटकर 2।80 फीसदी हो गई है। नई दरें 1 दिसंबर से लागू होंगी। देश के सबसे बड़े बैंक एसबीआई के क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल करते हैं, तो 1 दिसंबर से झटका लगने वाला है। एसबीआई की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक हर खरीदारी पर 99 रुपए और टैक्स अलग से देना होगा। यह प्रोसेसिंग चार्ज होगा। दिसंबर महीने में एलपीजी गैस की कीमत में भी बदलाव हो सकता है। इस बात की आशंका है कि एक बार फिर एलपीजी के दाम बढ़ सकते हैं। इसके अलावा एटीएफ यानी जेट ईंधन भी महंगा हो सकता है।

## स्कोडा कोडिएक 2022 अगले साल जनवरी में लांच होगी

### डिजाइन में बदलाव कर बनाया गया है इसे आकर्षक

**नई दिल्ली ।** स्कोडा की नई अपडेटेड स्कोडा कोडिएक 2022 अगले साल जनवरी में लांच होगी। 7 सीटर इस एसयूवी के बोनट, ग्रिल, बम्?पर्स, हैडलाइट्स और पीछे की लाइट्स के डिजाइन में बदलाव कर इसे और अधिक आकर्षक बनाया गया है। भारत में पिछले साल अप्रैल से ही स्कोडा कोडिएक की बिक्री बंद है।अप्रैल 2020 से कोडिएक की भारत में बिक्री बंद है। 2022 कोडिएक के डिजाइन में बदलाव कर इसे आकर्षक बनाने की कोशिश की गई है। देश में बीएस-6 इमिशन नॉर्म लागू होने के कारण स्कोडा को अपनी इस एसयूवी की बिक्री रोकनी पड़ी थी। स्कोडा कोडिएक 2022 एक नए लुक में भारत में एंट्री करने को तैयार हो रही है। नई कोडिएक की एक्स शोरूम कीमत करीब 33 लाख रुपए होने की संभावना है। हालांकि कंपनी ने अभी कीमत को लेकर कोई घोषणा नहीं की है। अगर हम इंजन की बात करें तो 2022 कोडिएक में दो लीटर टर्बो पेट्रोल इंजन लगा है। कोडिएक के नए मॉडल में डीजल इंजन का ऑप्शन नहीं होगा। एसयूवी में 7-स्पीड डीएसजी गियरबॉक्स होगा। साथ ही ऑल व्हील ड्राइव मोड होगा।2022 कोडिएक डिजाइन में पुरानी कोडिएक से अलग नजर आएगी। फ्रंट ग्रिल, बोनट, हेडलाइट्स और बम्पर में बदलाव किए गए हैं। इसमें एलईडी मैट्रिक्स हेडलैंप्स दिए गए हैं। टेललैंप्स में हल्का लेकिन प्रभावी बदलाव किया गया है। इसी तरह आगे और पीछे के बम्पर्स को भी भी नया लुक दिया गया है। 2022 कोडिएक में नए डिजाइन किए गए अलॉय व्हील लगाए गए हैं। ये काफी आकर्षक हैं और कंपनी को उम्मीद है कि ये युवाओं को को बेहद पसंद आएंगे। स्कोडा कोडिएक के इंटीरियर लेआउट में ज्यादा बदलाव नहीं किया गया है। इसमें 10.25 इंच वर्चुअल कॉकपिट इंस्ट्रूमेंट क्लस?टर, 10 स्पीकर केंटोन साउंड सिस्टम तथा ऑटोमेटिक क्लाइमेंट कंट्रोल जैसे फीचर दिए गए हैं। कोडिएक के पुराने मॉडल में 8 इंच टचस्क्रीन इन्फोटेन्मेंट सिस्टम लगा था। उम्मीद की जा रही है कि इसे बदलकर 9.2 इंच का किया जा सकता है। यही सिस्टम ग्लोबल स्पेस मॉडल में अभी कंपनी दे रही है।

# बस और डंपर की भिड़ंत, 9 घायल, एक ही हालत गंभीर

### हादसे के बाद हाइवे पर लगा जाम, एंबुलेंस व निजी गाड़ियों से घायलों को पहुंचाया अस्पताल

**भिण्ड।** वायपास पर डंपर और बस की आमने सामने भिड़ंत हुई। इस हादसे में दस लोगों के घायल हुए जिन्हें जिला अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस ने मामले की पड़ताल में जुटी हुई है। मुरैना के पोरसा से माधौगंड यूपी के लिए बस रवाना हुई। यह बस गोरमी, मेहगांव, होते हुए भिंड आई। भिंड के वायपास होते हुए बस जा रही थी तभी सामने से आए रहे एक डंपर चालक ने तेज व लापरवाही से वाहन चलाते हुए पहले गुमटी के पास खड़ी एक बाइक में टक्कर मारी। इसके बाद डंपर की स्पीड और तेज हो गई। यह डंपर सीधे भरौली तिराहे पास सामने आ रही बस में जा टकराया। इस हादसे के बाद सड़क पर लंबा जाम लग गया। बस और डंपर की भिड़ंत में बस में सवार दो दर्जन से ज्यादा सवारियां थीं। जिनमें चार सवारी गंभीर रूप से घायल हुई। वहीं डंपर चालक की स्थिति नाजुक बनी हुई। हादसे की सूचना पर तत्काल पुलिस मौके पर पहुंच गई। 108 को सूचना की गई। 108 एम्बुलेंस आने में देरी देख निजी वाहन, टेम्पो और ई-रिक्शा से घायल को अस्पताल ले जाया गया।







### सवारी बैठाने के लिए बस रोकी तभी मारी टक्कर

बस चालक दीनदयाल सिंह पुत्र अर्जुन सिंह निवासी बंशीपुरा थाना देहात का कहना है कि जब वायपास से होकर बस जा रही थी। तभी साइड से बस को खड़ी करके सवारी बैठाने के लिए ब्रेक लिया। इसी दौरान सामने से आ रहे डंपर चालक ने वाहन को तेज गति से चलाया और सीधे आकर टक्कर मार दी।

### हादसे के बाद डंपर में फंसा ड्राइवर

इस हादसे में डंपर चालक बुरी तरह से घायल हो गया। चालक धारा सिंह पुत्र सुग्रीव सिंह निवासी बेरा थाना चीनौर ग्वालियर हादस के बाद डंपर में फंस गया। चालक के सिर में पीछे साइड गंभीर चोट आई है। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से चालक को डंपर से बाहर निकाला गया। इसके बाद उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया।

### इस हादसे में यह सवारी हुई घायल

बस और डंपर की भिड़ंत में लाल सिंह (45) पुत्र पुत्तू सिंह यादव निवासी अंतियन पुरा थाना मिहोना के शरीर में चोट आई। नाथू राम (61) पुत्र छोटेलाल मलयपुरा थाना भारौली के शरीर में जगह-जगह चोटें हैं। विमला (50) पत्नी विजय सिंह निवासी लोचरा थाना माधौगढ़ यूपी के सिर व शरीर में चोट है। रामभरोसे पुत्र वेदरी (60) निवासी सेमरपुरा थाना बरोही के बाएं पैर में चोट आई है। इसी तरह रश्मि पत्नी गुलशन भदौरिया निवासी गांधी नगर ग्वालियर के हाथ व शरीर पर चोट है। नेकराम पुत्र फुंदीलाल (70) निवासी बगियापुरा थाना रौन के मुंह, नाक और ओठों पर चोट है। राजू पुत्र गुलाब सिंह जाट(45) निवासी डबरा हादसे के बाद बीपी आई है। लगातार घबराहट बनी हुई है। इसके अलावा बस चालक दीनदयाल सिंह के शरीर में चोट है। वहीं डंपर चालक धारा सिंह के सिर में गंभीर चोट है।

## लहार में शादी समारोह में शामिल होने आए शासकीय अधिवक्ता का बैग चोरी

**भिण्ड।** लहार कस्बे में आयोजित एक शादी समारोह शामिल होने आए शासकीय अधिवक्ता का बैग चोरी हो गया। यह घटना 28-29 नवंबर की दम्यानी रात की है। पुलिस थाने की गई शिकायत के आधार पर अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया। पुलिस के मुताबिक ग्वालियर के थाटीपुर इलाके में रहने वाले शासकीय अधिवक्ता शैलेंद्र पुत्र सुरेंद्र शर्मा परिवार के साथ रिश्तेदार के घर आयोजित शादी समारोह में शामिल होने के लिए आए थे। यह शादी समारोह का आयोजन सरयू वाटिका से आयोजित हो रही थी। उनका परिवार मैरिज गार्डन के कमरे में ठहरा हुआ था। रात के समय शासकीय अधिवक्ता की पत्नी व अन्य परिजन मैरिज गार्डन के कमरे में सो गए। परंतु कमरे को अंदर से लॉक नहीं किया। रात के समय अज्ञात चोर ने बैग पार कर दिया। बैग में सोने के आभूषण समेत नकदी रखी हुई जिसकी कीमत करीब 75 बताई जा रही है। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात चोर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर पडताल शुरू कर दी।

## 17 वर्षीय किशोरी के साथ छेड़छाड़

**भिण्ड।** मौ थाना क्षेत्र के ग्राम जलालपुरा में तिलकसिंह जाटव के मकान के पीछे ऊपर बनी पुलिया के पास होते हुए एक किशोरी गुजर रही थी, इसी दौरान एक युवक ने बुरी नियत से उसका हाथ पकड़ लिया और गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस के अनुसार रविवार दोपहर 3 ग्राम जलालपुरा निवासी 17 वर्षीय किशोरी क्षेत्र के तिलकसिंह जाटव के मकान के पीछे पुलिया के पास से होते हुए गुजर रही थी, इसी दौरान सोनू पुत्र अमरसिंह गुर्जर निवासी अतरसुमा ने उसका हाथ पकड़ लिया और छेड़छाड़ करने लगा, जब किशोरी ने विरोध किया तो गाली-गलौज करते हुए जाति सूचक गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देकर चला गया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

## नैनो न्यूज

### प्राचार्य अध्ययनरत अनुसूचित जाति के पात्र विद्यार्थियों की स्वीकृति तीन दिवस में करेंः कलेक्टर

**भिण्ड ।** कलेक्टर डॉ सतीष कुमार एस ने प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय अटेर/लहार एवं प्राचार्य आईटीआई भिण्ड/ लहार को पत्र जारी कर कहा है कि आपकी संस्था में अध्ययनरत अनुसूचित जाति के पात्र विद्यार्थियों की नियमानुसार स्वीकृति जारी कर भुगतान हेतु कार्यालय अनुसूचित जाति/ जनजाति कार्य विभाग भिण्ड में प्रस्तुत करें ताकि संबंधित विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का भुगतान किया जा सके अन्यथा की स्थिति में वरिष्ठ कार्यालय को अनुषासनात्मक हेतु लिखा जावेगा। कलेक्टर डॉ सतीष कुमार एस ने कहा कि शासन मंशानुसार वर्ष 2020-21 की छात्रवृत्ति की स्वीकृति एवं वितरण समयावधि में किये जाने हेतु कई बार पत्रों के माध्यम से आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था तथा उक्त कार्य आपको 20 सितम्बर 2021 तक पूर्ण करने निर्देशित किया गया था। परन्तु आपके द्वारा आज दिनांक तक अपनी संस्था के छात्रवृत्ति आवेदनो को छात्रवृत्ति पोर्टल पर रिसीव न किया जाकर स्वीकृति की कार्यवाही नहीं की गई है जिससे आपकी संस्था में अनुसूचित जाति के पात्र विद्यार्थियों को योजना का लाभ प्रदाय नहीं किया जा सका है। आपके द्वारा की गई उक्त लापरवाही से प्रतीत होता है कि आप अनुसूचित जाति वर्ग के पात्र विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति से वंचित रखना चाहते है। आपके उक्त कृत्य से यदि कोई पात्र विद्यार्थी छात्रवृत्ति योजना से वंचित होता है तो उसका समस्त उत्तरदायित्व आपका होगा।

### हारजीत का दांव लगाते हुए जुआरी गिरफ्तार

**भिण्ड।** मिहोना थाना क्षेत्र के ग्राम दंदरौआ का हार मशान बाबा मंदिर के पास जुआरी हारजीत का दांव लगा रहे थे, मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर उक्त जुआरियों को हिरासत में लिया और उनके पास से एक ताश की गड्डी सहित नगदी जब्त की। पुलिस ने जुआरियों के विरुद्ध जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार रविवार दोपहर 4.10 बजे ग्राम दंदरौआ का हार मशान बाबा मंदिर के पास जुआरी हारजीत का दांव लगाते पुलिस ने हिरासत में लिया और मौके से तिवारी बाल्मीक निवासी अचलपुर, पप्पू उर्फ लक्ष्मीनारायण मिश्रा निवासी काथा, मुकेश शर्मा निवासी काथा, अजय शर्मा निवासी बुहारा थाना रौन को हिरासत में लिया और उनके पास से एक ताश की गड्डी सहित 3 हजार 260 रुपये की जब्ती की। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर जुआरियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है।

### सट्टे की पर्चियां लिखते हुए युवक गिरफ्तार

**भिण्ड।** मौ थाना क्षेत्र के रोड कि किनारे गांधी मार्केट में एक युवक सट्टा लिख रहा था जिसकी सूचना मिलते ही दबोचकर हिरासत में लिया और उसके पास से पर्ची जब्त की। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार रविवार शाम 7.40 बजे लक्ष्मीनारायण पुत्र राजाराम सोनी निवासी माली मोहल्ला जो क्षेत्र के गांधी मार्केट में रोड के किनारे पर्ची लिखते हुए रंगे हाथों हिरासत में लिया और उसके पास से 3 पर्ची सहित 410 रुपये जब्त किये। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

# नाला खुला छोड़ देने अवारा मवेशियों की हो रही मौत, हो सकता है बड़ा हादसा

**मालनपुर।** उधोग क्षेत्र मालनपुर सुंदरीकरण की नगरी कहा जाता है मगर एकेविजन द्वारा बनाया गया नाला खुला होने से हादसों को दिया जा रहा है न्योता आलम यह है कि मालनपुर फैक्ट्रियों के द्वारा निकलने वाले पानी के लिए एकेवीएन के द्वारा सीसी नाला का निर्माण कराया गया है नाला खुला छोड़ देने से कभी भी हो सकती है दुर्घटना क्योंकि सीसी नाला 4 फुट चौड़ा और 7 फुट गहरा बनाया गया है आवारा मवेशी आवारा कुत्ते कई बार नाले में गिर जाने से उनकी मौत हो गई है। अभी कुछ दिन पहले की बात है कैडबरी के सामने एक गाय गास खाते-खाते नाले में चली गई पूरे दिन व तड़पती रही तब जाकर शाम के वक्त स्थानीय लोगों की मदद से उसको बाहर निकाला गया जिससे उसकी जान बचाई जा सकी मगर फिर भी एकेवीएन अधिकारियों के कानों में जूं तक नहीं रहगी और न तो समय-समय पर नाले की सफाई नहीं कराई जाती जबकि चंबल संभाग महानगर ग्वालियर में डेंगू के मरीजों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। नाले की सफाई न होने से मालनपुर क्षेत्र में मच्छर उत्पन्न हो रहे हैं जिससे फैक्ट्री प्रबंधकों के माथे पर पसीने की लहर की हमारी कंपनी में काम करने वाले कोई वर्कर डेंगू की चपेट में न आ जाए जबकि फैक्ट्रियों के द्वारा डेवलपमेंट के लिए हर महा भुगतान



राशि दी जाती है मगर डेवलपमेंट मात्र कागजों में ही दफन होकर रह जाता है धरातल स्तर पर कोई कार पूरी तरह से सही नहीं किए जा रहे डेवलपमेंट के नाम पर बस दिखावा किया जाता है। इसी प्रकार मालनपुर क्षेत्र में बने नाले से इस कहावत को जोड़ दिया जाए तो कम नहीं है सब कुछ राम के भरोसे ही छोड़ दिया गया है। कार्यपालन यंत्री आईआई डी सी सी पी उपाध्याय का कहना है कि हम जल्द से जल्द नाले की सफाई करवाएंगे और नाला बंद करवाने के लिए संबंधित ठेकेदार से बात करेंगे।

## मुंहवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर हुआ झगड़ा, क्रॉस मामला दर्ज

**भिण्ड।** मालनपुर थाना क्षेत्र के कन्या शाला स्कूल के पास घर के बाहर मुंहवाद को लेकर दो पक्षों में विवाद पनप गया और एक दूसरे गाली-गलौज देते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों की फरियाद पर क्रॉस मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार शनिवार रात 10.30 बजे बनवारी लाल पुत्र कल्याण श्रीवास निवासी कन्या शाला स्कूल के पास आरोपी उलकेश, सचिन प्रजापति जातिगण राठौर आपसी मुंहवाद को लेकर गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। इसी तरह दूसरे पक्ष के फरियादी सचिन पुत्र रणकेन्द्र सिंह राठौर निवासी सदर ने बताया आरोपी बनवारी, शिवम श्रीवास निवासी सदर ने भी उनके साथ मारपीट करते हुए गाली-गलौज किया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों की फरियाद पर क्रॉस मामला दर्ज कर लिया है।

## कानून व्यवस्था को ओर अधिक प्रभावी बनाया जावे : मुख्यमंत्री

**भिण्ड में मिलावट के विरुद्ध की गई कार्यवाहियों पर मिली बधाई मुख्यमंत्री श्री चौहान की अध्यक्षता में हुई कमिश्नर-कलेक्टर कॉन्फ्रेंस**



**भिण्ड ।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश के सभी कमिश्नर, कलेक्टरों एवं पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिए है कि, वे रेत और अन्य खनिजों के माफियाओं पर सख्त कार्यवाही करें। मुख्यमंत्री ने कहा है कि, मुझे रेत माफियाओं के खिलाफ कार्यवाही और ठोस परिणाम चाहिए। मुख्यमंत्री ने निर्देशित करते हुए कहा है कि ड्रग माफिया युवा पीढियों को बर्बाद कर रहे है। प्रदेश में ड्रग माफियाओं को नेस्तनाबूद करें। उन्होंने निर्देश दिए है कि मध्यप्रदेश में ड्रग माफियाओं के विरूद्ध परिणाममूलक कार्यवाही होना चाहिए। प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज वीडियों कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी संभागायुक्तों, पुलिस महानिरीक्षकों, कलेक्टरों, पुलिस अधीक्षकों को निर्देशित कर रहे थें। मुख्यमंत्री ने कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि कानून व्यवस्था की स्थिति प्रदेश के सूदखोरों और चिटफंड कम्पनियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करें, सायबर अपराधों को रोकने के लिए पुख्ता इंतजाम करें, नागरिकों को सायबर अपराधों के प्रति जागरूक करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि,प्रदेश के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शासकीय योजनाओं का लाभ दूर-दराज के ग्रामीण लोगों तक पहुंचाने के लिए एक्शन प्लान तैयार करें तथा नक्सल प्रभावित जिलों के दूर-दराज में रहने वाले लोगों तक शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ संवेदनशीलता के साथ पहुंचाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में संवेदनशील अधिकारियों की नियुक्ति होना चाहिए जो दूर-दराज के गांवों में रहने वाले लोगों को योजना का लाभ संवेदनशीलता के साथ पहुंचाए। मुख्यमंत्री ने वीडियों कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश में अपराधों को रोकने के लिए प्रभावी और परिणाममूलक कार्यवाही करने के निर्देश देते हुए कहा कि प्रदेश में अपराधों में कमी आए इसके लिए सतत कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही होना चाहिए तथा उन्हें सजा मिलनी चाहिए, लोगों को न्याय मिलना चाहिए इसके पुख्ता इंतजाम कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक करें। उन्होंने कहा कि, प्रदेश में महिला अपराधों में कमी आना चाहिए। महिला अपराधों में कमी के लिए प्रदेश में जागरूकता अभियान चलाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि, प्रदेश में कमजोर वर्गों के खिलाफ अपराध होना शर्मनाक है, कमजोर लोगों पर अत्याचार करने वालों के विरूद्ध मध्यप्रदेश में सख्त कार्यवाही होनी चाहिए, इसके लिए जागरूकता अभियान भी चलाने की आवश्यकता है। भिण्ड में मिलावट के विरुद्ध की गई कार्यवाहियों पर मिली बधाई। अंकुर अभियान की भी मुख्यमंत्री द्वारा समीक्षा की गई। उन्होंने कहाँ ज्यादा से ज्यादा लोग पेड़ लगाये। कमिश्नर ग्वालियर-चंबल संभाग आशीष सक्सेना ने मुख्यमंत्री को बताया कि प्रदेश में अंकुर अभियान में टॉप दस जिलों में 7 जिले ग्वालियर-चंबल संभाग से है।

## 7 दिन में थाना प्रभारी नहीं हटाया तो होगा उग्र आंदोलन : मेवाराम जाटव



**गोहद।** थाना प्रभारी द्वारा की जा रही झूठी रिपोर्टो के विरोध में स्थानीय विधायक मेवाराम जाटव ने प्रेस वार्ता बंगले पर ली जिसमें प्रेस वार्ता के दौरान विधायक मेवाराम जाटव ने कहा कि थाना प्रभारी द्वारा गलत तरीके से लोगों लोगों पर एफआईआर की जा रही है कुछ दिन पहले खरौआ सरपंच धीर सिंह जाटव पर गिट्टी के डंपरों का वीडियो बनाने के कारण झूठी लूट की एफ आई आर कर दी वहीं एक अन्य व्यक्ति निमंत्रण में जा रहा था उस पर भी एफआईआर कर दी इस तरह से जो भी आवाज उठाने की कोशिश करता है उसको थाना प्रभारी द्वारा जबरदस्ती दबाया जाता है वही मिहिर भोज का बोर्ड खरौआ कठवा मार्ग पर लगा हुआ था उसको भी थाना प्रभारी और तहसीलदार द्वारा हटाया गया इसके लिए मुख्यमंत्री गृहमंत्री डीजीपी आईजी डीआईजी एसपी सहित सभी जगह शिकायतें की गई है लेकिन अभी तक कार्रवाई नहीं हुई कल एसपी को भी ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराते हुए 7 दिन का अल्टीमेटम दिया जाएगा यदि 7 दिन में थाना प्रभारी को नहीं हटाया गया तो फिर जनता के साथ उग्र आंदोलन किया जाएगा थाना प्रभारी द्वारा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को जबरदस्ती झूठी रिपोर्ट की जा रही है और फंसाया जा रहा है यदि थाना प्रभारी को भाजपा का काम ही करना है तो संवैधानिक पद से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल हो जाना चाहिए संवैधानिक पद पर रहकर इस तरह कार्य करना उचित नहीं है।

# बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं योजना के तहत घटते शिशु लिंगानुपात विषय पर प्रशिक्षण सह कार्यशाला सम्पन्न

**भिण्ड ।** कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी अब्दुल गफ्फार खान के मार्गदर्शन में परियोजना गोहद अंतर्गत समेकित बाल संरक्षण योजना के तहत किशोर न्याय अधिनियम 2015 तथा लैगिंक अपराधों से बालको का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो एक्ट) 2012 एवं बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं योजना के तहत घटते शिशुलिंगानुपात विषय पर प्रषिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से उपस्थिति बाल संरक्षण अधिकारी अजय सक्सैना द्वारा प्रतिभागियों को पॉक्सों एक्ट के बारे में जानकारी देते हुए अवगत कराया कि



बच्चों के व्यवहार को अनदेखा न करें। परियोजना अधिकारी संदीप मौर्य द्वारा बताया गया कि बच्चों के व्यवहार में थोड़ा भी परिर्वन दिखने पर तत्काल उनसे बात करें। कानून में अपराध को छिपाना अपराध है। इसके साथ समेकित बाल संरक्षण योजना के तहत जिले में उपलब्ध सुविधाओं शिशुगृह, बालगृह के बारें में बताया गया। अवगत कराया गया कि कठिन परिस्थितियों में रहने बाले बच्चों के लिए स्पोन्सरशिप योजना के तहत 2000/- मासिक आर्थिक सहायता दिये जाने का प्रावधान है। अतः कोई भी जरूरतमंद बच्चा मिलने पर तत्काल चाईल्ड लाईन 1098 पर सूचित कर बच्चों के संरक्षण में अपना योगदान दें। कार्यशाला के अगले चरण में बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं योजना के तहत घटते लिंगानुपात एवं उसके दुष्प्रभाव के बारे में चर्चा की जाकर बेटियों के लिए सुरक्षित बातावरण निर्माण पर बात की गयी। कार्यशाल में विभाग की ओर से आनंद मिश्रा लेखापाल, दीपेन्द्र शर्मा एवं गोहद परियोजना की पर्यवेक्षक परियोजना अंतर्गत समस्त कार्यकर्ता उपस्थिति रहे।

## सामूहिक विवाह, श्रीवास समाज ने दो कन्याओं के कराये विवाह, धूमधाम से सम्पन्न हुआ विवाह समारोह




**भिण्ड।** श्रीवास समाज सेवा समिति जिला इकाई भिण्ड के तत्वाधान में दो गरीब कन्याओं का सामूहिक विवाह धूमधाम से चंदूपुरा रोड़, माँ सरस्वती, काली नारायणी मंदिर के प्रागंण में सम्पन्न कराया गया, श्रीवास समाज के जिलाध्यक्ष शंभूदयाल श्रीवास ने बताया कि दो कन्या जिनमें वधु पक्ष बंदना श्रीवास पुत्री विनोद श्रीवास निवासी भीम नगर तथा मुस्कान श्रीवास पुत्र दाताराम निवासी चूले पुरा सुभाष नगर भिण्ड का विवाह दो नवविवाहित जोड़े जिनमें सपनिल श्रीवास पुत्र दाताराम श्रीवास व दीपक श्रीवास पुत्र स्व. राम सिंह श्रीवास निवासी राजहोली ने सात फेरे लेकर एक दूसरे के साथ रहने के लिए लिये। श्रीवास समाज के द्वारा उपहार रूपी ग्रहस्थी का सामान भी भेंट किया गया। शौभायात्रा के रूप में गाजे-बाजे के साथ बराती विवाह प्रागंणस्थल में पहुँचे। दोनों तरफ से वर पक्ष व वधु पक्ष को समाज के लोगों एवं उनके परिवारीजनों के द्वारा आर्शीवाद दिया गया, इस दौरान माहौल पूरी तरह उत्साह से भरा रहा। जिलाध्यक्ष शंभूदयाल श्रीवास ने सामूहिक विवाह सम्पन्न होने के बाद कहा कि समाज हमेशा इस प्रकार के आयोजन भविष्य में करता रहेगा। इस अवसर पर शंकरदास महाराज, हरयानंद महाराज आदि समाज के अन्य लोग उपस्थित रहे।


# कोरोना की चुनौती

पिछले दो सालों में कोरोना लाखों जानें ले चुका है। कई देशों को यह संक्रमण इतनी बुरी तरह तोड़ चुका है कि उनकी अर्थव्यवस्था चार से पांच साल पीछे खिसक गई है। इस बीच एक बार फिर से कोरोना के नए वैरिएंट ने दुनिया में दस्तक दे दी है, यह नया बी.1.1.529 वैरिएंट दक्षिण अफ्रीका और बोत्सवाना में मिला है। वैज्ञानिकों का कहना है कि म्यूटेशन के मामले में इस नए वैरिएंट ने अब तक के सामने आए सभी वैरिएंट को पीछे छोड़ दिया है। यह नया संक्रमण डेल्टा से भी ज्यादा खतरनाक है और उससे कहीं ज्यादा संक्रामक है। कोरोना संक्रमण के काबू में होने के बाद धीरे-धीरे सभी देशों ने अपने-अपने दरवाजे अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए खोलने शुरू किए थे। इस बीच नए वैरिएंट ने एक बार फिर से दुनिया को डरा दिया है। दक्षिण अफ्रीका, हांगकांग और बोत्सवाना में सामने आए नए वैरिएंट के बाद ब्रिटेन ने छह दक्षिण एशियाई देशों की यात्रा को अस्थाई तौर पर निलंबित कर दिया है। कोरोना के इस नए वैरिएंट के संक्रमण का अंदाजा सिर्फ इस बार से लगाया जा सकता है कि भारत ने भी इसको लेकर अलर्ट जारी कर दिया है। भारत सरकार की ओर से सभी राज्यों को निर्देश जारी किए गए हैं कि दक्षिण अफ्रीका, हांगकांग और बोत्सवाना से आने वाले सभी यात्रियों की कड़ी जांच व परीक्षण किया जाए। कोरोना महामारी से निजात को लेकर अभी भी बहुत ज्यादा उम्मीदें नहीं हैं क्योंकि खतरे का स्तर अभी भी कम नहीं हुआ है। वैश्विक स्तर पर सबसे चिंताजनक स्थिति यूरोपीय देशों की है। गौरतलब है कि यूरोप के कई देश महामारी की पहली लहर के समय से ही काफी चुस्ती और एहतियात से काम लेते रहे हैं। इसके लिए उनकी हर तरफ प्रशंसा भी हुई। हालांकि जर्मनी और रूस सहित कई देशों में बाद के दिनों में यह चुस्ती ढीली भी पड़ी। इस बीच, कोरोना विषाणु के नए स्वरूप आते जाने से भी चिंता बढ़ी है। यूरोप में कोरोना संक्रमण के बढ़ते प्रसार पर डब्ल्यूएचओ भी चिंता जता चुका है। ज्यादा चिंताजनक बात यह है कि टीकों की पर्याप्त आपूर्ति के बावजूद यूरोप महामारी का केंद्र बना हुआ है। बहुत सारे टीके उपलब्ध हो सकते हैं, लेकिन वहां टीकों का उपयोग समान नहीं रहा है। इसलिए कोरोना मामलों की संख्या फिर से करीब-करीब रेकार्ड स्तर तक बढने लगी है। करीब 53 देशों में कोरोना संक्रमण की वजह से अस्पताल में भर्ती होने की दर अगर एक हफ्ते की तुलना में दोगुनी से अधिक हुई है तो आशंका यही है कि यह महामारी की नई लहर का संकेत है। यदि ऐसा ही चला तो इस क्षेत्र में अगले साल फरवरी तक पांच लाख लोगों को इस महामारी के कारण जान गंवानी पड़ सकती है। यूरोपीय देशों की स्थिति भारत जैसे देशों के लिए भी सबक है जहां एक तरफ बड़ी आबादी है, वहीं दूसरी तरफ स्वास्थ्य सुविधाओं का आनुपातिक आभाव है। टीकाकरण और जरूरी एहितियात के जरिए ही इस महामारी को कारगर तरीके से रोका जा सकता है। यह समझ यूरोप सहित दुनिया के लिए तो जरूरी है ही, विश्व समाज को भी समझ की इस दरकार पर पक्के तौर पर खरा उतरना होगा। भारत में महामारी को लेकर हाल-फिलहाल आए आंकड़े थोड़ी राहत वाले कहे जा सकते हैं। पहला तो यही कि देश में रोजाना संक्रमण के मामले घट कर अब 10 हजार से भी नीचे आ गए हैं। पिछले कुछ दिनों से यह रुख बरकरार दिख रहा है। इलाज करवा रहे मरीजों की संख्या भी घट रही है। इन आंकड़ों से एक मोटा निष्कर्ष यह निकाला जा सकता है कि महामारी खत्म भले नहीं हुई हो, पर जोर कम पडने लगा है। कुछ राज्यों में स्थिति अभी भी अच्छी नहीं कही जा सकती। देश भर में देखें तो सरकारी आंकड़ों के मुताबिक कई राज्य अब कोरोना के खतरे से लगभग निकल चुके हैं।

# ब्रह्माकुमारी विमला दीदी जिनका था ईश्वर से सीधा नाता !

**डॉ श्रीगोपाल नारसन एडवोकेट**

एक दशक से भी कम समय हुआ है मुझे ईश्वरीय ज्ञान से जुड़े हुए।जब तक मेरे लौकिक माता पिता रहे तब तक मुझे ब्रह्माकुमारीज संस्था के बारे में कोई जानकारी नही थी।लेकिन जब मेरी लौकिक मां प्रकाशवती ने सन 2012 में 13 फ़रवरी को इस दुनिया से विदाई ली तो मां के प्रति बेहद के लगाव ने मुझे बीमार बना दिया था।बहुत से डॉक्टरों को दिखाया लेकिन कोई ज्यादा लाभ नही हुआ ,उल्टे कुछ डॉक्टर गम्भीर बीमारी की आशंका दर्शाकर डराने भी लगे थे।इसी बीच ब्रह्माकुमारीज के रुड़की सेवा केंद्र पर बीके तारा दीदी के माध्यम से मेरा जुड़ाव व परिचय प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय से हुआ।हालांकि संस्था सबसे पहले जो भी संस्था से जुड़ता है ,उन्हें सात दिन का राजयोग पाठ्यक्रम कराती है,लेकिन मुझे बिना पाठ्यक्रम व संस्था की समुचित जानकारी दिए बिना ही केंद्र इंचार्ज बीके विमला दीदी ने माउंट आबू में हो रहे नेशनल मीडिया कांफ्रेंस में भेज दिया।मेरे साथ मेरी युगल सुनीता जिन्होंने राजयोग का सात दिवसीय पाठ्यक्रम पूरा कर लिया था,भी गई।वही मेरे पत्रकार साथी एसएस सैनी व उनकी युगल सुनीता सैनी जो अब इस दुनिया मे नही है ,भी साथ मे गए थे,लेकिन मैं उक्त पाठ्यक्रम से अनजान ही रहा।वही उन्होंने हमारे साथ कोई गाईड भी नही भेजा।जब हम मीडिया कांफ्रेंस में सफलता पूर्वक भाग लेकर लौटे तो हमने अपना अनुभव मुरली क्लास ,जो ब्रह्माकुमारीज की नियमित ईश्वरीय पढाई है,में सुनाया।अनुभव सुनकर विमला दीदी बहुत खुश हुई और हमसे बोली, अब आप परमात्मा शिव बाबा के बच्चे बन गए हो ,बाबा ने आपका हाथ पकड़ लिया है,इस हाथ को कभी मत छुड़ाना।तब से ही मैं मुरली क्लास में जाने लगा।कभी कभी विमला दीदी स्वयं भी मुरली सुनाती थी,लेकिन ज्यादातर क्लास में सबसे पीछे बैठकर कौन आया है,कौन नही आया,नही आया तो क्यो नही आया?यह सब ध्यान रखती थी।कोई भाई या बहन तीन चार दिन क्लास में न आए तो उन्हें फोन कराकर क्लास में न आने का कारण पता करवाती थी।विमला दीदी हर भाई बहन के दुःख सुख की ऐसी साथी थी कि सब उनके सामने अपने मन की बात कह देते थे।विमला दीदी सबको एक बड़ी बहन और एक मां की तरह पालना देती थी।कभी क्लास में और कभी कभी मुझे व्यक्तिगत रूप में भी शिव बाबा व ब्रह्माबाबा से जुड़े अपने अनुभव सुनाती थी।विमला दीदी जब मुझे गोपाल भाई कहकर पुकारती तो लगता था मेरी दूसरी रूहानी मां मुझसे बतिया रही है।वह ईश्वरीय सेवा में कैसे समर्पित हुई यह किस्सा उन्होंने कई बार सुनाया।वे बताया करती कि वे पहली बार जब माउंट आबू व्यक्त ब्रह्माबाबा के सामने गई तो उन्हें आबू रोड से बैलगाड़ी में बैठकर माउंट आबू जाना पड़ा था।कई भाई बहन तो उस समय पैदल ही आबू रोड़ से माउंट आबू आते जाते थे।26 किमी के इस पहाड़ी व बहुत ऊंचाई के रास्ते मे आने जाने के साधन कम ही थे और पांडव भवन यानि ब्रह्माकुमारीज



मुख्यालय भी ज्यादा बड़ा नही था।ब्रह्माबाबा सभी भाई बहनों का भरपूर खयाल रखते थे।वे सबसे बाद में सोते थे और सबसे पहले उठ जाते थे।विमला दीदी को बाबा जब बच्ची कहकर बुलाते तो वे खुशी के मारे झूम उठती। ब्रह्माकुमारी विमला दीदी का जीवन राजयोग की जीती-जागती मिसाल रहा। उन्होंने राजयोग के अभ्यास से खुद को इतना परिपक्व, शक्तिशाली, महान और आदर्शवान बना लिया था कि उनका एक-एक वाक्य महावाक्य हो जाता था।उन्होंने योग से मन इतना संयमित, पवित्र, शुद्ध और सकारात्मक बना लिया था कि वह जिस समय चाहें, जिस विचार या संकल्प पर और जितनी देर चाहें, स्थिर रह सकती थी।विमला दीदी बताती थी कि राजयोगी वही है जिसके बोल सदा मीठे रहे, जिसे परमात्मा से प्यार हो और जीवन में जिनके दिव्य गुण हों।वे भगवान को साथी बनाने की प्रेरणा देती थी। उनका मानना था कि अपने आपको ईश्वरीय सेवा के प्रति समर्पित कर दो सब समस्याएं स्वतः खत्म हो जाएंगी।वे कहती थी कि कुछ भी हो जाए इंसान को अपनी सच्चाई नहीं छोड़ना चाहिए। उनका कहना था कि ईश्वर की मदद, साथ और उसे अपना बना लेना ही जीवन सफल करना है। जितना हो ,उतना साइलेंस का अभ्यास बढ़ाओ, क्योंकि साइलेंस की पावर सबसे बड़ी पॉवर होती है।ऐसी सबकी स्नेही, तपस्वी, शिव बाबा के सानीदय में ब्रह्माबाबा के कमल हस्तो से पली, रुड़की सेवाकेन्द्र की संचालिका बीके विमला दीदी ने गत 23 नवम्बर को दोपहर 2 बजकर 30 मिनट पर अपना पुराना शरीर त्यागकर ईश्वरीय गोद ली है 7 उनका अन्तिम संस्कार 24 नवम्बर को उनकी देह को भव्य रथ में सजाकर रुड़की शहर की परिक्रमा के बाद, मालवीय चौक रुड़की मे ईश्वरीय विधि विधान के साथ किया गया 7देहरादून सेवा केंद्र प्रभारी बीके मंजू दीदी ने उन्हें मुखाग्नि दी। उनकी शारीरिक आयु 84 वर्ष की थी 7उन्होंने लगभग 60 वर्षों से अधिक समय तक ईश्वरीय सेवा की। विमला दीदी ने देहरादून, नाहन, डाकपत्थर, ऋषिकेश, हरिद्वार,अम्बाला, पटियाला, बरेली, लखनऊ आदि अनेक सेवाकेन्द्रों पर अपनी सेवाए दी 7 वे लगभग 40 वर्षों से रुड़की सेवाकेन्द्र पर वे अपनी सेवाए दे रही थी 7 उन्होंने अपनी बीमारी पर हर बार विजय पाई ,यहां तक की कोरोना को भी हराया।लेकिन अंततः जहां सबको जाना ही है वहां के लिए उनका बुलावा भी आ गया और वे बिना किसी कष्ट के सहज रूप से देह त्याग कर परमधाम के लिए प्रस्थान कर गई।राजयोग की वरिष्ठ शिक्षिका बीके विमला दीदी का जीवन सदैव रूहानियत में रहा, वे देह अभिमान से सदा दूर रही और सबको चरित्र निर्माण की सीख देती रही।ऐसी हम सबकी प्यारी विमला दीदी को शत शत नमन।

## विनम्रता का पाठ

पंडित विद्याभूषण बहुत बड़े विद्वान थे। दूर-दूर तक उनकी चर्चा होती थी। उनके पड़ोस में एक अशिक्षित व्यक्ति रहते थे- रामसेवक। वे अत्यंत सज्जन थे और लोगों की खूब मदद किया करते थे। पंडित जी रामसेवक को ज्यादा महत्व नहीं देते थे और उनसे दूर ही रहते थे। एक दिन पंडित जी अपने घर के बाहर टहल रहे थे। तभी एक राहगीर उधर आया और मोहल्ले के एक दुकानदार से पूछने लगा-भाई यह बताओ कि पंडित विद्याभूषण जी का मकान कौन सा है। यह सुनकर पंडित जी की उत्सुकता बढ़ी। वह सोचने लगे कि आखिर यह कौन है जो उनके घर का पता पूछ रहा है। तभी दुकानदार ने उस राहगीर से कहा-मुझे तो किसी पंडित जी के बारे में नहीं मालूम। तब राहगीर ने कहा-क्या रामसेवक जी का घर जानते हो? दुकानदार ने हंसकर कहा-अरे भाई उन्हें कौन नहीं जानता। वे बड़े भले आदमी हैं। फिर उसने हाथ दिखाकर कहा- वो रहा रामसेवक जी का घर। फिर दुकानदार ने राहगीर से सवाल किया-लेकिन आपको काम किससे है? पंडित जी से या रामसेवक जी से? राहगीर कहने लगा-भाई काम तो मुझे रामसेवक जी से है। पर उन्होंने ही बताया था कि उनका मकान पंडित विद्याभूषण जी के पास है। यह सुनकर पंडित जी ग्लानि से भर उठे। सोचने लगे कि उन्होंने हमेशा ही रामसेवक को अपने से हीन समझा और उसकी उपेक्षा की पर रामसेवक कितना विनम्र है। वह खुद बहुत प्रसिद्ध होते हुए भी उन्हें ज्यादा महत्व देता है। उसी रात पंडित जी रामसेवक के घर गए और उससे क्षमायाचना की। फिर दोनों गहरे मित्र बन गए।

# कहो तो कह दूँ: टमाटर प्यारे तुम से तो ऐसी बेवफाई की उम्मीद नहीं की थी

**चैतन्य भट्ट**

टमाटर प्यारे, अचानक से तुम्हें क्या हो गया जो तुम पेट्रोल और डीजल की राह पर चल पड़े। कभी सोचा भी नहीं था कि तुम इस गरीब जनता से इतने खफा हो जाओगे और उसकी थाली से ऐसे ग़ायब हो जाओगे जैसे गधे के सर से सींग लोगों की रसोइयां चीख चीख कर तुम्हें बुला रही हैं एक स्वर में गाना गा रहीं हैं आ लौट के आजा मेरे मीत तुझे तेरी रसोईयां बुलाती हैं। कितनी मोहब्बत थी तुमसे और तुमने भी कम प्रेम नहीं दिखाया था जनता से, खुद कट जाते थे लेकिन सलाद की प्लेट में सज जाते थे, चाकू से तुम्हारे टुकड़े टुकड़े कर दिए जाते थे लेकिन तुम उफ़ भी नहीं करते थे तुम्हें सिल बट्टा में पीस पीस कर तुम्हारी चटनी बना दी जाती थी लेकिन तुम्हारे चेहरे पर शिकन तक नहीं आती थी तुम्हारी सहलशीलता का कोई मुकाबला नहीं था, तुम्हारा जूस निकाल कर सूखा रोग से पीड़ित बच्चों को पिला दिया जाता था तुम खुद तो शहीद हो जाते थे लेकिन उन बीमार बच्चों को रोग मुक्त कर देते थे। तुम्हारा पूरा रस निकाल कर सॉस भी बना लिया जाता था और तुम हँसते हँसते अपनी जान दे देते थे। लोग बाग तुम्हारे गुणों को बताते नहीं थकते, कहते हैं तुम तो गुणों की खान हो, किसी भी सब्जी में तुम ऐसे घुल मिल जाते हो जैसे दूध में पानी। तुम जिस भी सब्जी में मिल जाते हो उसका स्वाद ही अद्भुत हो जाता है। महिलायें तुम्हे अपने चेहर पर रगड़कर अपना रंग गोरा और स्किन को चिकना और दाग रहित बनाने के उपयोग में भी लाती हैं। तुम्हारे बारे में ये भी सुना है कि तुम डायबिटीज और गठिया रोग को भी दूर करने की ताकत रहते हो, अब तो ये भी सुना है कि हाल ही में जो रिसर्च हुई है उसमें ये कहा गया है कि जो व्यक्ति हफ्ते में दस बार टमाटर खाता है उसको कैंसर का खतरा पैंतालीस फ़ीसदी कम हो जाता है, तुम प्रोस्टेंड कैंसर को भी ख़त्म करने की ताकत अपने भीतर समेटे हुए हो, बड़ी बूढ़ी दादियां तुम्हारे रस में काली मिर्च मिलाकर बच्चों को देती थी और उनके पेट के कीड़े बिलबिलाकर



बाहर आ जाते थे। तुम्हारी तारीफ में और कितने कसीदे कढ़ें, तुम तो सचमुच गुणों का भंडार हो, लेकिन पता नहीं क्या हो गया कि तुम ऐसी बेवफाई पर उतर आये, पेट्रोल डीजल के बारे में तो सरकार ने साफ कह दिया था कि हम कुछ नहीं कर सकते इसके दाम अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तय होते है लेकिन तुम तो ख़लिस देसी हो तम्हें अंतरराष्ट्रीय दामों से क्या लेना देना तुम तो भारत की धरती पर पलते पुसते आये हो फिर अपने देश के आम लोगों से इतनी नाराजगी क्यों? कुछ तो सोचो कुछ तो समझो। तुम्हारे न रहने से लोगों के कोलोस्ट्रोल का स्तर बढ़ता जा रहा है उसके चलते हार्ट में ब्लॉकेज भी हो सकता है क्योंकि तुम कोलोस्ट्रोल को भी कम करते हो ऐसा डाक्टर लोग कहते हैं। जब से तुम्हारे रेट आसमान पर पंहुचें हैं आशिक भी अब अपने महबूबा के गालों की तुलना तुमसे करने में डरने लगे हैं कि कहीं वो दो किलो टमाटर लाने के लिए न कह दे, आशिक महबूबा के लिए आसमान के तारे तोड़ कर ला सकता है लेकिन दो सौ रूपये में दो किलो टमाटर लाना उसके बूते के बाहर की बात है। माना कि बहुत अत्याचार करते हैं लोग बाग़ तुम्हारे साथ लेकिन तुम तो नेकी कर दरिया में डाल के सिद्धांत पर जीते आये हो तो फिर अब इस नाराजगी का तो सबब ही समझ से बाहर है , मान जाओ टमाटर प्यारे तुम्हारे बिना न समोसा, न आलू बंडा, न पकोड़ा, खाने में मजा आ रहा है और न ही अकेले प्याज और ककड़ी वाले सलाद को खाने में आनंद आ रहा है, जब तक उस प्लेट में तुम न दिखाई दो मन में अजीब सी अकुलाहट बनी रहती है इसलिए अब नाराजी दूर करो और दस बीस किलो बिकने लगो उसी में हम सबका और तुम्हारा फायदा है समझ गए टमाटर लाल दार्शनिक मामाजी आजकल अपने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह यानीजगतमामा बड़े फॉर्म में हैं चौतरफा उनकी निगाहें हैं और जब से हाल ही में उप चुनावों में उनकी पार्टी ने जीत हासिल की है तब से तो उनका जलवा देखते ही बन रहा है।

# पौधों में जीवन सिद्ध करने वाले महान वैज्ञानिक थे जगदीशचंद्र बसु

**सूडोकु नवताल- 5907**

★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | | | | | 6 |
| 7 | | 2 | | 5 | | | | 9 |
| | | 4 | | | 2 | 7 | 5 | |
| 5 | 7 | | | | 9 | | 1 | 8 |
| | | | | 6 | | | | |
| 6 | 1 | | 3 | | | | 2 | 4 |
| | 5 | 1 | 9 | | | 8 | | |
| 2 | | | | 8 | | 9 | | 1 |
| 9 | | | | | 3 | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

**सूडोकु नवताल -5906 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 8 | 7 |
| 4 | 7 | 2 | 5 | 1 | 8 | 3 | 6 | 9 |
| 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 8 | 9 | 4 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 2 | 4 | 7 | 6 | 9 | 3 | 8 | 1 | 5 |
| 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 2 | 4 | 9 | 3 |
| 8 | 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 6 | 1 | 3 | 2 | 4 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 3 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 | 4 | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**विवेक कुमार पाठक**

पेड़ पौधों में भी जान होती है इस तथ्य को अपने वैज्ञानिक प्रयोगों द्वारा सिद्ध करने वाले जगदीश चंद्र बसु भारत के महान वैज्ञानिक थे। परतंत्र भारत में जन्म लेने वाले श्री बसु ने कम संसाधनों के बाबजूद विज्ञान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण काम किए और भारत का नाम अंतर्राष्ट्रीय जगत में सम्मान के साथ स्थापित कराया। उनकी द्वारा स्थापित की गई वैज्ञानिक अवधारणाएं एवं वैज्ञानिक आविष्कार उनकी व्यापक प्रतिभा के चिन्ह मात्र हैं। 30 नवंबर को उनकी जयंती उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को नमन करने का पावन दिवस है।

भारत के संबंध में यह आम धारणा काफी प्रचलित है कि भारत का इतिहास, कला , संस्कृति में बंगाल का बहुत महत्वपूर्ण योगदान है। यहां से रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानंद, ईश्वरचंद्र विद्यासागर, , बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय जैसे लेकर नेताजी सुभाषचंद्र बोस जैसे अमर बलिदानी निकले हैं। जगदीशचंद्र बसु जी का जन्म उसी विद्वानों की पावन भूमि बंगाल प्रांत में मुशीगंज जिले के विक्रमपुर गांव में हुआ था। यह गांव स्वाधीनता के बाद पहले पूर्वी पाकिस्तान और अब बांग्लादेश का हिस्सा है। बसु जी के परिवार का अपनी भाषा के प्रति अगाध लगाव था इसलिए परतंत्र भारत में बसुजी की प्रारंभिक शिक्षा एक बंगाली विद्यालय में ही. हुई,

उनके पिता का नाम भगवान चंद्र बसु और मां का नाम बामासुंदरी था। वे बचपन से ही प्रतिभावान थे। आगे चलकर उनका दाखिला कलकत्ता के



जेवियर कॉलेज में हुआ। उन्होंने लंदन में भी पढ़ाई की। वे कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में उच्च अध्ययन के लिए भी गए जहां उनके वैज्ञानिक मानस का चौतरफा विकास हुआ। यहां उन्हें दुनिया भर में विज्ञान के क्षेत्र में हो रही नयी खोजों के बारे में जानकारी मिली वहीं उनके स्वयं के दृष्टिकोण का विकास हुआ और उसे कई आयाम मिले। दुनिया के कई महान वैज्ञानिकों से इस दौरान उन्हें मेलजोल का अवसर मिला। महान वैज्ञानिक उनकी वैज्ञानिक प्रतिभा एवं ज्ञान से प्रभावित हुए जिसके बाद बसुजी का दुनिया के महान वैज्ञानिकों से आगे सतत संपर्क रहा। सन 1885 में जगदीशचंद्रजी भारत आए। उन्हें कलकत्ता के प्रेसीडेंसी कॉलेज में भौतिकी के प्रोफेसर के रुप में नियुक्ति मिली। वे एक वैज्ञानिक होने के साथ नागरिक अधिकारों एवं समानता की बात रखने में पीछे नहीं रहते थे। उन्हें जब कोलकाता में नियुक्ति दी गई तो उन्हें निर्धारित वेतन से आधा ही तय किया गया जिसका उन्होंने अपने कार्यकाल में कड़ा विरोध किया। वे यूरोपीय और भारतीय प्रोफेसरों के बीच इस तरह के भेदभाव के विरोधी थे। उन्होंने अपने विरोध स्वरुप बिना वेतन के काम किया जिसका व्यापक प्रभाव पढ़ा। अंत में हार मानकर ब्रिटिश प्रशासन को उन्हें तीन साला का वेतन एक साथ देने को तैयार होना पड़ा। कोलकाता के प्रेसीडेंसी कॉलेज में उन्होंने समानता की बात को विभिन्न मंचों पर उठाया जिससे भेदभाव के वातावरण में पूर्व की तुलना में कमी आती गयी।

नागरिक अधिकारों की बात करते हुए, छात्रों के बीच अध्यापन करते हुए बसु साहब ने विज्ञान के क्षेत्र में निरंतर आविष्कार किए। उन्होंने रेडियो और माइक्रोवेव ऑप्टिक्स नाम के वैज्ञानिक यंत्र का आविष्कार किया। उन्होंने विद्युत चुम्बकीय तरंगों के संबंध में महत्वपूर्ण वैज्ञानिक तथ्य स्थापित किए।

वे भौतिकी के प्रोफेसर थे मगर उनको जीवविज्ञान एवं वनस्पति विज्ञान सहित विज्ञान की अन्य धाराओं के प्रति भी बहुत आकर्षण था। उन्होंने पौधों में जीवन के संबंध में तथ्य स्थापित करते हुए महत्वपूर्ण शोध किया। उन्होंने पेड़ पौधों की वृद्धि के मापन के लिए क्रेस्कोग्राफ नामक यंत्र का आविष्कार किया। इस विचार के आधार पर उन्होंने पादप कोशिकाओं पर इलेक्ट्रिकल सिग्नल के प्रभाव पर शोध किया जिससे साबित हुआ कि पेड़ पौधों में भी हम इंसानों की तरह जान होती है। वे भी हमारी तरह सांस लेते हैं बस अंतर सिर्फ इतना रहता है कि पेड़ पौधे मनुष्यों से उलट कार्बनडाइ ऑक्साइड ग्रहण करते हैं और ऑक्सीजन छोड़ते है।

# समय को साध लिया सब सिद्ध है

**प्रवीण कक्कड़**

आजकल जो चुनौतियां हम सबके सामने हैं, उनमें से एक बड़ी चुनौती है वक्त की कमी। लोग अक्सर यह कहते सुने जाते हैं कि फलां काम करने का उन्हें वक्त ही नहीं मिला या फिर यह कि व्यस्तता इतनी ज्यादा है कि अमुक काम कर ही नहीं पाते। यह कहने के साथ लोग यह कहना भी नहीं भूलते कि काम करने का उनका मन तो बहुत था। हमें पता है कि दिन में 24 घंटे होते हैं, उन्हें बढ़ाया नहीं जा सकता। सोने, खाने, विश्राम और नित्य क्रिया के समय को भी कम नहीं किया जा सकता। जो लोग इसे कम करने का प्रयास करते हैं वे अनावश्यक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जकड़ में आ जाते हैं, तो फिर समय को कैसे साधा जाए। इसके लिए असल में जरूरत है कि समय को उपयोग में कैसे लाया जाए। अगर कुछ महत्वपूर्ण व्यक्तित्व पर निगाह डालें तो राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तो जब भी कोई बैठे रहने वाला काम करते थे तो उस संवाद के बीच में वह सूत कातने या सब्जी काटने का काम भी कर लिया करते थे। सम्राट अकबर के बारे में कहा जाता है कि वह एक ही साथ सुन भी लेते थे, सोच भी लेते थे और बोल भी लेते थे। हम सब साधारण मनुष्यों के लिए यह बातें बहुत बड़ी हैं। हमारे लिए तो यही बेहतर है कि हम अपने दिन भर के कामों को सूचीबद्ध करने और तय समय पर तय काम करते चलें। आप जैसे जैसे ऊंचे पदों की ओर बढ़ते जाते हैं, आप के समय प्रबंधन का महत्व उतना ही ज्यादा होता जाता है। अगर कोई व्यक्ति अकेले काम करता है और वह अपने काम में आधा घंटा लेट हो जाता है तो वह अपने आधे घंटे की क्षति करता है। लेकिन अगर कोई वरिष्ठ अधिकारी आधे घंटे की देरी से मीटिंग में पहुंचता है तो वह मीटिंग में मौजूद सभी 10 लोगों का आधा-आधा घंटा खराब करता है।

आप सबने अपने तजुर्बे से देखा होगा कि आप कोई महत्वपूर्ण संदेश देखने के लिए फोन खोलते हैं, लेकिन उस संदेश तक पहुंचने से पहले ही बहुत से नोटिफिकेशंस आपके सामने आ जाते हैं। ऐसे में आप मैसेज की जगह फेसबुक ट्विटर इंस्टाग्राम पर खुद को पाते हैं। कुछ देर बाद आपको यह सोचना पड़ता है कि आखिर किस लिए आप ने फोन उठाया था, तब थोड़ी देर में जाकर याद आता है कि कोई महत्वपूर्ण संदेश आया था जिसे आप देखना चाहते थे। यह समय की ऐसी बर्बादी है जिसके लिए आप अकेले दोषी नहीं है, यह एक सुनियोजित षड्यंत्र है जो आपसे आपके समय की डकैती कर लेता है। तो फिर क्या किया जाए?

# बुनियादी मांगों को पूरा करने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं ने दिया मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन



**अम्बाह।** आंगनबाडी में कार्यरत कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं ने अपनी बुनियादी मांगों को पूर्ण करने की मांग को लेकर अनुविभागीय अधिकारी राजीव समाधिया को प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देते समय आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती अंजू तोमर एवं रामा श्रीवास्तव ने बताया कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका आम नागरिकों के हित में लायी गई सरकार की बहुत सारी महत्वाकांक्षी योजनाओं जैसे टीकाकरण, पल्स पोलियो की ड्रॉप पिलाना, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र का पंजीकरण करना, मतदाता सूची का सर्वे कर नए या छूटे हुए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में शामिल करवाना तथा मृत हो गए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से हटवाने सहित सरकार के और भी अन्य काम जो समय-समय पर आंगनबाडी कार्यकर्ताओं को दिया जाता है। इसके साथ-साथ अपने विभाग के नियमित कार्य सहित अपने आंगनवाडी केन्द्र को निरंतर संचालित करना, बच्चों को प्राथमिक शिक्षा के साथ-साथ पोषाहार देना, गर्भवती और धात्री महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं को पोषाहार तथा आयरन की गोली वितरित करने जैसे अनेक कार्यों को भी आंगनवाड़ी की कार्यकर्ता करती आ रही है। ज्ञापन में कहा गया कि कोविड-काल में भी आंगनवाड़ी की बहनों ने कोरोना योद्धा के रूप में कार्य कर रही हैं। ज्ञापन में मुख्यमंत्री को संबोधित कर कहा गया कि एक तरफ आप महिलाओं के उत्थान एवं आत्मनिर्भर बनने के लिये एक से एक योजना ला रहे हैं, लेकिन हम आंगनवाड़ी में कार्यरत बहनों को इन सभी योजनाओं से दरकिनार कर उपेक्षित किया जा रहा है। ज्ञापन में मांग की गई कि आगनवाड़ी में कार्यरत बहनों को सरकारी कर्मचारी घोषित कर, सामाजिक सुरक्षा दी जाये तथा उन्हें उचित श्रेणी में शामिल किया जाये इसके साथ ही नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत आंगनवाड़ी केन्द्रों को प्री-प्राइमरी स्कूल में बदलने पर उसमें कार्यरत कार्यकर्ता को प्री-प्राइमरी टीचर एवं सहायिका को प्री-प्राइमरी असिस्टेंट टीचर में शिक्षण के अनुभव पर उनकी शैक्षणिक योग्यता अनुसार प्रशिक्षण देकर पदोन्नत किया जाए। इसी तरह आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं/ सहायिकाओं की बड़ी हुई प्रोत्साहन राशि 1500 रू0 की कटौती विगत शासनकाल से बंद है। अतः आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं/ सहायिकाओं बड़ी प्रोत्साहन राशि का शीघ्र भुगतान कराया जाये। इसके अलावा म0प्र0 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं/ सहायिकाओं/ मिनि कार्यकर्ताओं की सेवा निवृत्ति पर उन्हें घोषणा की राशि प्रदान की जाए। ज्ञापन में कहा गया कि मिनी आंगनवाडी केंद्रों को जनसंख्या के आधार पर आंगनवाडी केंद्रों में परिवर्तित किया जाए व भवन भाडा दिया जाए आदि मांगे शामिल है। ज्ञापन में मांग की गई कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के पास विभागीय कार्यों का अत्याधिक बोझ पहिले से ही है अतः आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की ड्यूटी अन्य कार्यों में न लगायी जाए। ज्ञापन देते समय भारतीय मजदूर संघ की तहसील अध्यक्ष अंजू तोमर, रामा श्रीवास्तव, विनीता श्रीवास्तव,कविता लक्षकार, ज्योति शर्मा, कीर्ति सक्सेना, मंजू वर्मा, माया शर्मा, भारती राठौर,साधना तोमर, पूनम शर्मा, संतोष चौहान, अमृता चौहान, लक्ष्मी तोमर, अर्चना तोमर, सुषमा तोमर, राजेशी ,मनोज सहित अनेक कार्यकर्ता एवं सहायिका मौजूद थी।

## कैलारस में 6 सूत्रीय मांगों को लेकर सोंपा ज्ञापन

**कैलारस।** मध्यप्रदेश आंगनवाडी कार्यकर्ता एवं सहायिका संघ के नेतृत्व में कैलारस की आंगनवाडी कार्यकर्ताओं ने तहसील कार्यालय कैलारस पहुंचकर 6 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन नायब तहसीलदार शिवम उपाध्याय को सोंपा। ज्ञापन के माध्यम से संघ ने बताया कि मुख्यमंत्री के नाम दिए ज्ञापन में आंगनवाडी कार्यकर्ताओं को शासकीय कर्मचारी घोषित कर सामाजिक सुरक्षा दी जाए, आंगनवाडी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं की बडी हुई प्रोत्साहन राशि की जो कटौती की गयी है उसे दिया जाए, आंगनवाडी कार्यकर्ता, सहायिका मिनी कार्यकर्ता को सेवा निवृति पर उन्हें राशि दिए जाने की घोषणा की गई थी, उसे दिया जाए, मिनी आंगनवाडी केंद्रों को जनसंख्या के आधार पर आंगनवाडी केंद्रों में परिवर्तित किया जाए व भवन भाडा दिया जाए आदि मांगे शामिल है। ज्ञापन देने वाली आंगनबाडी कार्यकर्तायों में किरण तिवारी, कविता धाकड, ममता बंसल, बसन्ती शाक्य, रेखा शर्मा, अजय तिवारी, सुमन कुशवाह, सुमनलता, सबनम बानो, लक्ष्मी शाक्य, ललिता शर्मा, रश्मि गोयल, अनिता रावत, आवदा, रेखा श्रीवास, संगीता शाक्य, बेबी श्रीवास, सुनीता जाटव आदि शामिल रही।





## किसानों की समस्याओं को लेकर किसान मोर्चा ने किया प्रदर्शन मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को दिया ज्ञापन

**मुरैना।** भारतीय किसान संघ ने किसानों की तमाम समस्याओं को लेकर सोमवार को न्यू कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया और समस्याओं का निराकरण करने हेतु मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया। भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष अशोक सिंह तोमर के नेतृत्व में सैकड़ों किसानों ने अपनी मांगों को लेकर रैली निकालते हुए कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए मांग की है कि दूध की मिलावट खोरी तत्काल बंद करा कर दूध का भाव 60 रुपए लीटर किया जाए, बाजरा की खरीदी तत्काल कराते हुए बिना सैंपल के बाजरा खरीदा जाए, किसानों को सुविधा अनुसार डीएपी और यूरिया खाद समय पर उपलब्ध कराया जाए, जिले में घुमक्कड़ पशुओं एवं आवारा जानवरों से किसानों की फसलें नष्ट हो रही है, पशुओं को पकड़ा जाकर प्रबंध किया जाए, किसानों को खेती के लिए 16 घंटे थ्री फेस बिजली उपलब्ध कराई जाए, किसानों पर बिजली कर्मचारियों द्वारा झूठे मुकदमे दर्ज कराए जा रहे हैं, उनकी जांच कराई जाए, विद्युत पंप कनेक्शन का सरचार्ज हटाकर किस्तों में किसानों से बिल भरवाए जाएं, पोरसा तहसील में परदपुरा से कृष्णा नगर होते हुए एवं भिखारी पुरा से भजनपुरा आदि तक डामरीकरण कराया जाए सहित अनेक मांगे शामिल थी। किसान संघ ने कहा है कि शीघ्र ही किसानों की मांगों का निराकरण नहीं किया गया तो उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर अनेक किसान नेता व सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## गोडसे को मानने वाले लोग देशद्रोही हैं: जयवर्धन



**मुरैना।** नाथूराम गोडसे ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सीने में गोली मारकर हत्या की थी। गोडसे को मानने वाले लोग न केवल देशद्रोही हैं, बल्कि अपराधियों को शरण देने का काम कर रहे हैं। धर्म के नाम पर लोगों को गुमराह किया जा रहा है। धर्म की रक्षा स्वयं भगवान करते हैं और धर्म को किसी से कोई खतरा नहीं है। यह बात सोमवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं मध्य प्रदेश शासन के पूर्व नगरीय निकाय मंत्री जयवर्धन सिंह ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात के दौरान कही। विदित हो कि सोमवार को जयवर्धन सिंह सडक मार्ग द्वारा दिल्ली से राधौगढ़ जा रहे थे। इसी बीच उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। जयवर्धन सिंह ने कहा कि जिस देश की रक्षा भगवान श्री राम, श्री कृष्ण, विष्णु जैसे देवता कर रहे हो, वहां धर्म को कोई खतरा नहीं है। भाजपा सरकार हमेशा से धर्म की राजनीति करती रही है, जिसे अब देश की जनता समझ गई है। 2023 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश की जनता इसका करारा जवाब देगी। इस अवसर पर विधायक राकेश मावई, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष राकेश यादव, लक्ष्मी दिनकर, अनु दंडोतिया, विजय डण्डोतिया, मनीष उपाध्याय, अजीत सिकरवार, मनीष उपाध्याय, विपिन चौहान, राजेश राठौर, अमित बंसल आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी का जिला सम्मेलन 2 व 3 दिसंबर को

**कैलारस।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी का 13 वां जिला सम्मेलन कैलारस में आयोजित होगा। यह सम्मेलन प्रसिद्ध वामपंथी नेता साथी गणेश मरैया की स्मृति को समर्पित किया जाएगा। यह जानकारी प्रेस को जारी एक बयान में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव गयाराम सिंह धाकड़ ने दी है। उन्होंने बताया है कि इस सम्मेलन में जिले भर से चुने हुए प्रतिनिधि भागीदारी करेंगे। इसमें मुख्य अतिथि केंद्रीय समिति के सदस्य और राज्य सचिव जसविंदर सिंह तथा राज्य सचिव मंडल सदस्या संध्या शैली रहेंगी। सम्मेलन के प्रथम दिन पुरानी सब्जी मंडी पर शाम 7 बजे से एक सभा का भी आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन में जनता की विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रस्ताव पारित किए जाएंगे। जिले की राजनीतिक स्थिति का प्रतिवेदन भी प्रस्तुत होगा और नवीन समिति का चयन भी किया जाएगा।

## विश्व कल्याण की कामना के साथ पंचकल्याणक महोत्सव का हुआ समापन

### विशाल रथयात्रा के दौरान भगवान महावीर के जयकारों से गुंजायमान हुआ नगर

**मुरैना।** परम पूज्य आचार्य श्री ज्ञेयसागर जी महाराज के पावन सान्निध्य में तथा प्रतिष्ठाचार्य पंडित संजय शास्त्री व संजय जैन भैयाजी के मार्गदर्शन में अयोध्या धाम जीवाजी गंज पर चल रहे श्री 1008 भगवान आदिनाथ जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में सोमवार को महोत्सव के आखरी दिन तीर्थंकर आदिनाथ भगवान का मोक्षकल्याणक दिवस आस्था एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया । वहीं 09.30 बजे से रथ यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में जैन समाज के महिला व पुरूष मौजूद रहे, यह यात्रा अयोध्या धाम, जीवाजी गंज मुरैना से प्रारम्भ होकर एम एस रोड, सदर बाजार, हनुमान चौराहा, मार्कण्डेश्वर बाजार, स्टेशन रोड, शंकर बाजार, सदर बाजार, सराफा बाजार, लोहिया बाजार भ्रमण करता हुआ बडे जैन मंदिर मुरैना पर पहुंची, जहां पर नवनिर्मित बेदी में प्रतिमाओं का महा मस्तकाभिषेक किया गया। इस अवसर पर भगवान के अभिषेक में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। इससे पूर्व रविवार को भगवान के मोक्षकल्याणक की क्रियाएं हुई। प्रातःकाल में शुद्धि, अभिषेक, शन्तिधारा, नित्य महापूजन के साथ आयोजन आरंभ हुआ। इस मौके पर तीर्थंकर भगवान को प्रातः मोक्ष की प्राप्ति हुई, जैसे ही तीर्थंकर भगवान के मोक्ष जाने की घोषणा प्रतिष्ठाचार्य ने की तो उपस्थित हजारों भक्तों ने जयकारों से आकाश गुंजायमान कर दिया और लोग खुशी से नृत्य करने लगे। इस दौरान विविध प्रकार के वाद्ययंत्र बजाए गए। भगवान के नख, केश, पिच्छि, कमण्डल तथा काजल की डिबिया, आभूषण, झारी, सलाई, बाजूबंद आदि को प्राप्त करने का सौभाग्य श्रेष्ठियों ने प्राप्त किया। मोक्ष कल्याणक की पूजन की गई। 24 से 29 नवम्बर तक आयोजित पंचकल्याणक महोत्सव में अनेकों आयोजन किए गए। इस अवसर पर मंदिर कमेठी अध्यक्ष महेश जैन, राजेन्द्र भण्डारी, धर्मेन्द्र जैन एडवोकेट, दिनेश जैन एडवोकेट, सुनील जैन पुच्ची, कदम एडवोकेट, राजेन्द्र बहरी, अनूप भण्डारी, मनोज जैन समाजसेवी सहित अनेकों जैन बन्धु व महिलाओं का का विशेष योगदान रहा।



## तीनों कृषि विरोधी काले कानून की संसद में वापिसी किसान आंदोलन की जीतः किसान सभा

### एमएसपी कानून और अन्य मुद्दों के लिए संघर्ष जारी रहेगा




**मुरैना।** तीनों कृषि विरोधी काले कानून लोकसभा और राज्यसभा में वापिस लिए गए, यह किसान आंदोलन की जीत है। गत 01 वर्ष से जारी किसान आंदोलन में 700 से ज्यादा किसान शहीद हो गए। किसान आंदोलन को भारी दमन का सामना करना पड़ा लेकिन उसके बाद भी किसान पीछे नहीं हटे और अंततः ऐतिहासिक किसान आंदोलन की जीत हुई। कृषि विरोधी काले कानून मोदी सरकार द्वारा लोकसभा राजसभा में वापिस ले लिए गए हैं। यह मध्य प्रदेश किसान सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष, संयुक्त किसान मोर्चा के नेता अशोक तिवारी ने जारी एक वक्तव्य में कहा है। उन्होंने कहा है कि इसके अलावा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसल खरीदी अनिवार्य करने का कानून बनाया जाए। बिजली के निजीकरण संबंधी बिल जो लोकसभा में लंबित है, उसे वापस लिया जाए। किसानों की हत्या के षड्यंत्र में शामिल टेनी मिश्रा गृह राज्य मंत्री को बर्खास्त और गिरफ्तार किया जाए। साथ ही किसानों पर आन्दोलन के दौरान लगाए गए मुकदमे वापस लिए जाएं। जब तक किसानों की मांगे पूरी नहीं होती, तब तक किसानों का आंदोलन दिल्ली के बॉर्डर पर और पूरे देश में जारी रहेगा। किसान नेता अशोक तिवारी ने कहा कि मुरैना जिले में अभी किसानों की समस्याएं कम होने का नाम नहीं ले रही है। बाजरा की समर्थन मूल्य पर खरीदी शुरू नहीं हुई है। किसानों को मजबूरन 1400/ 1500 रुपए प्रति क्विंटल पर बाजरे को बेचने पर मजबूर होना पड़ रहा है।

## भारतीय जनता पार्टी की सरकार में किसान हित सर्वोपरि है : अनूप सिंह



**कैलारस।** विधानसभा सबलगढ के ग्राम पंचायत झारेला में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के नेतृत्व में किसान पंचायत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रताप धाकड ने की। कार्यक्रम में मुख्य बक्ता के रुप में पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा अनूप सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व महामंत्री केशव पाराशर ने किया। किसान पंचायत को संबोधित करते हुए अनूप सिंह ने कहा कि किसानों के हित में क्या अच्छे से अच्छा हो सकता है, इसकी चिंता हमारी केन्द्र व प्रदेश सरकार हमेशा किसानों के हित के बारे में योजना बनाकर कर रही है। आज आप के बोट की ताकत से केन्द्र में नरेन्द्र मोदी की सरकार है जिसने हमेशा किसान के हितों को ध्यान में रखकर कई योजनाएं किसान के हित में संचालित की है। चाहे किसान सम्मान निधि हो खाद पर सब्सिडी हो बिजली खेती के लिए फ्लेट रेट का मामला हो आज आप सबके आशीर्वाद से केंद्र सरकार में आप के सांसद ऋषि मंत्रालय की जिम्मेदारी देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नरेन्द्र सिंह तौमर को दी है। किसान का कोई भी बिषय उनके संज्ञान में लाते हैं व तुरंत उसका निराकरण करने का प्रयास करते हैं। हमारे क्षेत्र की लम्बे समय से मांग थी चम्बल अटार के पुल की, आज आपके बोट की ताकत से बनी सरकार ने पुल निर्माण को गम्भीरता से लेते हुए आपके सामने अटार घाट का पुल का निर्माण पूर्णता की ओर है। अगले कुछ समय में आप सभी का आगमन पुल से शुरू हो जायेगा। इसी तरीके से नेपरी, सिकरौदा का पुल पुराने समय के बने हुए पुल थे आये दिन जाम लगा रहता था आज दोनों नेपरी एबं सिकरौदा के पुल बने और आप और हम आसानी से उस पुल से निकल रहे हैं। कार्यक्रम को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रताप धाकड ने भी सम्बोधित करते हुए कहा कि अमूमन नेता आपके पास चुनाव के समय आते है लेकिन भाजपा का कार्यकर्ता किसी न किसी कार्यक्रम के माध्यम से आपके बीच हमेशा रहता है। इस दौरान सभी ग्राम बासियों ने सभी मंचासीन अथितियों का शॉल श्रीफल एबं पुष्पहार पहना कर स्वागत किया।

# युवराज सिंधिया का भिंड एवं मेहगांव में भाजपा समर्थकों ने किया भव्य स्वागत

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य रमेश दुबे की बिटिया की शादी विदाई समारोह में हुए शामिल**

**भिण्ड।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंत्रिमंडल में शामिल केंद्रीय उड्डयन मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया के पुत्र युवराज महाआर्यमन सिंधिया का हुआ भिंड आगमन एवं कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया।

भाजपा मीडिया सेंटर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि भारतीय जनता पार्टी के नेता डॉक्टर रमेश दुबे की बेटी के विवाह समारोह के विदाई में एक दिवसीय प्रवास पर भाजपा नेता दुबे के मातृछाया दुबे फार्म हाउस डायवर्सन रोड पर शामिल हुए 7 भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य रमेश दुबे ने बताया युवराज सिंधिया 4=15 बजे ग्वालियर एयरपोर्ट पहुंचें वहां से काफिले के साथ 5=30 बजे मातृछाया निवास पहुंचें जहां विदाई समारोह में शामिल होकर वर वधु को आशीर्वाद प्रदान करेंगे भिंड नगर आगमन को लेकर उनका मेहगांव नगर में भव्य स्वागत किया गया। ग्राम पंचायत कन्हारी के पूर्व सरपंच अनिल राजौरिया ने युवराज सिंधिया के स्वागत के लिए ग्वालियर से लेकर मेहगांव तक होर्डिंग पोस्टर लगाए गए थे । मेहगांव नगर को होर्डिंग पोस्टरों से भव्य रूप से सजाया गया था । युवराज सिंधिया का यह प्रथम नगर आगमन था और उनका ऐसा भव्य स्वागत राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गया है।



### स्वागतकर्ताओं ने चांदी का मुकुट एवं तलवार भेंट कर किया स्वागत

ग्राम पंचायत कन्हारी के पूर्व सरपंच अनिल राजौरिया ने ग्वालियर रोड भारद्वाज निवास के सामने भव्य स्वागत किया । यहां पर एक भव्य स्वागत मंच बनाया गया जहां पर कन्हारी के पूर्व सरपंच अनिल राजौरिया अपने समर्थकों के साथ युवराज महाआर्यमन सिंधिया का स्वागत किया । भाजपा नेता रमेश दुबे ने बताया कि युवराज सिंधिया नेताजी सुभाष चंद्र बोस भारौली तिराहे से होकर हमारे निजी निवास पहुंचेंगे जहां पार्टी कार्यकर्ता समर्थकों और परिवारजनों द्वारा उनकी अगुवानी की जाएगी।

**मेरा लक आप सभी से मिलने का है इसीलिए मैं भिंड में आया हूं = युवराज:** श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया केंद्रीय मंत्री के पुत्र राज सिंधिया ने रमेश दुबे की बिटिया की शादी समारोह में शामिल होने आए, उनके निवास पर युवाओं को संबोधित करते हुए कहा मेरा काम राजनीति में नहीं, मैं आपसे मिलना चाहता हूं आपका सहयोग आपका स्नेह और आप सभी के जन सहयोग के साथ हमारा आपका पारिवारिक संबंध बना रहे इसी भाव के साथ में आपसे मिलने के लिए आया हूं और समाज में जिससे और हमारा और भिंड का पारिवारिक रिश्ता हमेशा बना रहे।

**युवराज सिंधिया ने वर-वधु को दी शादी की शुभकामनाएं:** युवराज सिंधिया ने रमेश दुबे की बेटी के शादी समारोह होकर वर वधु को स्वस्थ एवं सुखी दांपत्य जीवन की शुभकामनाएं एवं शादी की मुबारकबाद दी ।

**मेरे पारिवारिक रिश्ते सिंधिया परिवार से हमेशा हैं और रहेंगे = रमेश दुबे:** भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य वरिष्ठ नेता रमेश दुबे ने कहा कि पारिवारिक संबंध मेरे सिंधिया परिवार से आज से नहीं हमेशा से हैं और हमेशा बने रहेंगे 7 युवराज मेरी बिटिया की शादी में विदाई समारोह में शामिल होने आए इससे मेरा परिवार आज खुशियों से भरा हुआ दिखाई दे रहा है, ऐसा ही सहयोग हमेशा मिलता रहे । इस अवसर पर मध्य प्रदेश सरकार के नगरीय प्रशासन आवास राज्य मंत्री ओ पी एस भदौरिया डॉ तरुण शर्मा रविंद्र सिंह नरवरिया अमित जैन डॉक्टर शिवकुमार राजौरिया आरबी सिंह बघेल रामदास सोनी दिलीप बोहरे अनूप सिंह नरवरिया शिव प्रताप सिंह राजावत आदि युवा कार्यकर्ताओं ने दुबे निवास पर उनकी अगुवानी की ।

## युवराज महान आर्यमन सिंधिया का हुआ मेहगांव में जोशीला स्वागत

बृजपाल सिंह गुर्जर रिपोर्टर
दैनिक पुष्पांजली टुडे



मेहगांव मेहगांव भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया जी के पुत्र महान आर्यमन सिंधिया का आज मेहगांव नगर आगमन पर ग्राम पंचायत कन्हारी के सरपंच अनिल राजौरिया ने अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ युवराज सिंधिया का चांदी का मुकुट पहनाकर तलवार भेंट कर माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया युवाराज सिंधिया के स्वागत के लिए एक भव्य स्वागत मंच तैयार किया गया था मंच तक युवराज के स्वागत में आतिशबाजी बेंड बाजो के साथ रास्ते मे गुलाब के फूल बिछाए गए थे एवं फूलों की बर्षा भी की गई इस मौके पर,अनिल राजौरिया मनीष राजौरिया रामसिया दादा श्री मति सुधा राठौर मुन्नी नरवरिया गुड्डी जाटव राजू राजौरिया बंटू पुरोहित सुनील सोनी सौरव राजौरिया आदि।

## वन-टू-वन

### रासेयो सदस्यों ने सफाई अभियान चलाया'



दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड ।** शासकीय एम.जे. एस.महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-2 द्वारा सरस्वती मंदिर के पास स्वच्छ भारत के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से रा.से.यो. कार्यक्रम अधिकारी डॉ आर एस शर्मा उपस्थित रहे। रा.से.यो.के सभी स्वयंसेवकों ने प्लास्टिक पॉलिथीन इकट्ठा कर अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने का संदेश दिया साथ ही सभी स्वयंसेवको को वरिष्ठ स्वयंसेवक सौरभ खंडेलवाल ने शपथ दिलाई। यह कार्यक्रम अंशुल हरिओध के सानिध्य में संपन्न कराया गया। इस कार्यक्रम में स्वयंसेविका वर्षा चौधरी, नेहा शर्मा,शिवम गजरोलिया,रानू चौधरी,आराधना भदौरिया,मोहिनी,रोहित,कामिनी, अरवेश के साथ अन्य स्वयंसेवक भी मौजूद रहे।

### ग्राम कसल में रामलीला का हुआ शुभारंभ,भाजपा नेता योगेन्द्र सिंह ने फीता काटकर किया शुभारंभ



दबोह( अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे)

लहार विधानसभा अंतर्गत दबोह अंचल के ग्राम कसल में रामलीला का शुभारंभ दिनांक 28 नवम्बर को भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता योगेन्द्र सिंह पप्पू भैया द्वारा फीता काटकर विधिवत रूप से किया गया।कार्यक्रम में अपने विचार रखते हुये भाजपा नेता श्री योगेन्द्र सिंह ने कहा कि भगवान श्री राम का जीवन दर्शन हम रामलीला के रूप में प्राप्त करते है।रामलीला का हर पाठ हर व्यक्त्व हमे जीवन मे महत्वपूर्ण जिम्मेदार आचरण रखने की सीख देता है।असत्य पर सत्य की विजय के साथ साथ उच्च जीवन की सीख व सभ्यता व कर्तव्यपरायणता का अद्भुत सार हमे श्री रामलीला के माध्यम से प्राप्त होता है।इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी श्री दशरथ बाबूजी,श्री अरबिंद गुप्ता छोटू ,श्री राजीव बंसल सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

### 31वी राज्यस्तरीय अंतर जिला सब जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड।** 31वी राज्यस्तरीय अंतर जिला सब जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन जिला कबड्डी कॉरपोरेशन एरिया भिंड को कराने का सौभाग्य मिला है उक्त प्रतियोगिता दिनांक 11 दिसंबर 2021 से 14 दिसंबर 2021 तक गोहद के केशव पार्क मैदान पर आयोजित होनी है इस प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के सभी जिलों की सभी इकाइयां भाग लेने जा रही हैं कबड्डी फेडरेशन की सब जूनियर बालक बालिका प्रतियोगिता गोहद में पहली बार आयोजित होने जा रही है इसमें मध्य प्रदेश की सब जूनियर बालक बालिका की लगभग 70 टीमें भाग लेंगी इसमें कुल खिलाड़ी की संख्या 840 एवं 140 कोच मैनेजर और लगभग 50 रेफरी आदि शिरकत करेंगे बेहतर खेल के आधार पर मध्यप्रदेश की बालक बालिका सब जूनियर कबड्डी टीम का चयन किया जाएगा जो दिनांक 28 दिसंबर 2021 से 1 जनवरी 2022 तक उत्तराखंड में आयोजित होने वाली सब जूनियर बालक बालिका कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेंगे उक्त प्रतियोगिता की जानकारी जिला कबड्डी कॉरपोरेशन एरिया सचिव श्री रवि गौड़ और कोच संतोष गौड़ ने दी।



## शिविर में छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए

पुष्पाजंली टुडे

**पाली–** सुरेरपुर सीरवी समाज की दो होनहार प्रतिभाओ ने आत्मरक्षा करने के लिए सात दिवसीय शिविर में छात्राओं को सिखाए गुर। भावना भायल व निर्मला बर्फा ने लायंस एवं लियो क्लब सुमेरपुर हिल्स परिवार व मानवाधिकार सुरक्षा संघटन के प्रयासों के द्वारा लक्ष्मी बाई महिला विकास संस्थान के सानिध्य में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सुमेरपुर में चल रहे सात दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर मैं छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए ।क्लब के चार्टर अध्यक्ष व मानवाधिकार सुरक्षा संगठन के युवा प्रदेश अध्यक्ष लायन पंकज राज मेवाड़ा ने बताया कि छात्रों को कठिन परिस्थितियों मैं भी व मानसिक रूप से खुद को सुदृढ़ रखने और त्वरित निर्णय लेने की गतिविधियां सिखाई गई ।संस्थान के संस्थापिका लता राव वह उनके साथी कमांडो, होनहार प्रतिभा व सीरवी समाज की राष्ट्रीय स्तरीय की एथलेटिक्स खिलाड़ी भावना भायल पुत्री शोभाराम माता कमला देवी वह निर्मला बर्फा पुत्री देवाराम माता कन्या देवी सीरवी मूलनिवासी ,वीरमपूरा ,गुड़ा पृथ्वीराज पाली द्वारा सभी छात्रोंओ को पूर्ण ऊर्जा के साथ योगा, माननीय संवेदनशील अंग प्वाइंटों की जानकारी दी गई, साथ ही सीन जेप ,किक,पंच टाइप अटैक ओर छात्रों को डिफेंस करना, आगे से वार पर रोकना और जवाबी हमला करना, व हाथों से ट्रिक करना सिखाया गया।भावना सीरवी ने बताया कि हाल ही मारवाड़ जंक्शन में एक स्कूल छात्रा का लड़के द्वारा गला रेता गया इसलिए हम सभी बहनों को इस तरह के गुर सिखाए जाने चाहिए वह आगे आए सभी ओर जरूर अपने बचाव के लिए ऐसे सीखने जरूरी होगा।



## संविधान गौरव अभियान के तहत बने आयुष्मान कार्ड



पुष्पांजली टुडे

**गोहद ।** लाल सिंह आर्य राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा के निर्देश माननीय डॉ कैलाश जाटव प्रदेश अध्यक्ष जिला संयोजक मनोज अनंत व सह संयोजक भानुप्रताप जयन्त के मार्गदर्शन मै संविधान गौरव अभियान 11 सूत्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत आज जिला भिंड गोहद विधनसभा के ग्राम पंचायत सिरसौदा के पंचायत मुख्यालय पर निःशुल्क आयुष्मान कार्ड शिविर का आयोजन किया गया जिसमे लगभग 80 - 90 पात्र हितग्राहीयो ने निशुल्क आयुष्मान कार्ड बनवाकर शिविर का लाभ उठाया जिसमे मुख्य रूप से कार्यक्रम संयोजक अशोक जयन्त ,सह संयोजक विनोद माहौर ,पंचायत सरपंच लोकेंद्र सिंह,ग्राम पंचायत सचिव सुनील शर्मा जी,तत्रू राजवीर गुर्जर,प्रमोद चौरसिया ,राजवीर जाटव, सचिन चौरसिया ,हाकिम चौरसिया , प्रियंका जाटव ,रामकरण बघेल,भूरे गुर्जर,मुनेश गुर्जर, ममता कुशवाह,गुड्डी वाई, सोमवती,सावित्री बाई,रामजीलाल बघेल ,भूरे गुर्जर, संजू ,सोनू जाटव, रामहेत एवं अन्य ग्रामीण व हितग्राही उपस्थित रहे।



### संविधान गौरव अभियान 26 नवम्बर से 06 दिसंबर तक BJP/MP

पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड ।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय लाल सिंह आर्य जी के निर्देश व प्रदेश अध्यक्ष माननीय डॉ कैलाश जाटव जी व मार्गदर्शन प्रदेश संयोजक मनीष राजौरिया जी जिला संयोजक मनोज अनंत सह संयोजक भानु प्रताप जयन्त के समन्वय मै आज गोहद विधानसभा के ग्राम चिनकूपुरा मै संविधान गौरव अभियान के अंतर्गत आज बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यर्पण कर संविधान दिवस मनाया गया जिसमे कार्यक्रम के संयोजक अशोक जयन्त, तुलाराम बोध्य, प्रमोद चौरसिया, श्रीकांत जयन्त, सचिन चौरसिया, डॉ हरनाम जर्मन, प्रदीप जयन्त एवं अन्य समाज सेवी मौजूद रहे।

## सामंतवादी विचार से ग्रसित है थाना प्रभारी, संविधान निर्माता बाबा साहब एवं महापुरुष मिहिरभोज का कर चुके हैं अपमान- विधायक मेवाराम जाटव

**थाना प्रभारी का चेहरा उजागर करने पर षणयंत्र पूर्वक किए जा रहे हैं मामले दर्ज**

**प्रेस वार्ता में थाना प्रभारी पर गर्जे विधायक मेवाराम जाटव, सात दिवस में थाना प्रभारी को नहीं हटाया गया तो करेंगे उग्र आंदोलन।**

पुष्पांजली टुडे

**गोहद।** कांग्रेस विधायक मेवाराम जाटव आज अपने सरकारी आवास पर प्रेस वार्ता के माध्यम से गोहद थाना प्रभारी पर जमकर गर्जे, उन्होंने थाना प्रभारी गोपाल सिकरवार पर आरोप लगाते हुए कहा कि थाना प्रभारी जब गोहद थाना में आए थे तब उन्होंने संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा थाना प्रभारी के चेंबर से उतरवा दी। इस संबंध में मैंने थाना प्रभारी को फोन पर नाराजगी व्यक्त की थी। उसी हिटलर शाही अंदाज में हमारे महापुरुष सम्राट मिहिरभोज के पोस्टर फडवाकर उनका सार्वजनिक रूप से अपमान किया। जिसकी मैं कड़ी निंदा करता हूं और ऐसी सामंतवादी सोच रखने वाले थाना प्रभारी पर कार्यवाही की मांग करता हूं। पार्टी के कार्यकर्ताओं के द्वारा थाना प्रभारी के प्राइवेट लड़कों द्वारा अवैध वसूली की शिकायत एवं उनका वीडियो बनाने पर उन कार्यकर्ताओं पर षडयंत्र पूर्वक झूठी एफआईआर दर्ज की गई इसी प्रकार देश के चौथे स्तंभ को आवाज को दबाने का प्रयास थाना प्रभारी के द्वारा किया जा रहा है जिसकी शिकायत पत्रकारों के द्वारा वरिष्ठ अधिकारी एवं मंत्रियों से की जा चुकी है जब चौथे स्तंभ की कोई सुनवाई नहीं हो रही तो आम जनता की सुनने वाला कौन है। थाना प्रभारी का चरित्र उजागर करने पर एक पत्रकार पर एससी एसटी के तहत षडयंत्र पूर्वक झूठा मुकदमा भी दर्ज किया गया है। नगर में जुआ, सट्टा, अवैध शराब, स्मैक, नशा आदि का कारोबार जोर शोर से चल रहा है इसका सेवन करने से हमारे क्षेत्र की युवा पीढ़ी का भविष्य बर्बाद हो रहा है इस संबंध में मेरे द्वारा कई बार थाना प्रभारी को बताया गया। परंतु थाना प्रभारी के द्वारा आज तक इन अवैध कारोबारियों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। थाना प्रभारी भाजपा के एजेंट के रूप में कार्य कर रहे हैं उन्हें अपने पद से इस्तीफा देकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर लेनी चाहिए संवैधानिक पद पर बैठकर किसी पार्टी के इशारे पर कर्य करना उन्हें शोभा नहीं देता। मैं इन सभी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री, गृह मंत्री, डीजीपी, आईजी, डीआईजी से मिल चुका हूं और लिखित में शिकायत भी कर चुका हूं आज तक गोहद थाना प्रभारी गोपाल सिकरवार एवं एसआई महेंद्र धाकड़ पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि मंगलवार को भिंड एसपी से मिलकर कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं को लेकर ज्ञापन सौंपा जाएगा। थाना प्रभारी एवं एएसआई धाकड़ को गोहद से सात दिवस के अंदर नहीं हटाया गया तो पुलिस के खिलाफ उग्र आंदोलन किया जाएगा। जिसकी संपूर्ण जवाबदारी शासन एवं प्रशासन की होगी। प्रेस वार्ता में विधायक मेवाराम जाटव के साथ पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष राघवेंद्र शर्मा, शहर अध्यक्ष विजय उर्फ टोनी मुदगल, किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष आशीष गुर्जर, देवी सिंह तोमर, बीपी गुर्जर, जिला पंचायत के विधायक प्रतिनिधि कुलदीप सिंह गुर्जर, साबू खान, रमजानी खान, केलाश माहौर, रामहेत जाटव, केदार कौशल, बबलू बरैया, मुनेश शर्मा, दारा सिंह, मनोज गुप्ता, नरोत्तम चौरसिया, देवेंद्र पाठक, विजय निगम जीपी खन्ना, गुट्टी शर्मा सहित एक सैकड़ा से अधिक लोग उपस्थित थे।

## मुरैना खाद की आस में घंटों लंबी कतार में बैठे किसान, महिलाएं-बच्चे भी परेशान, प्रशासन मौन

केशब प्रसाद शर्मा ब्यूरो

**मुरैना जिले में किसान लंबी कतारों में खाद मिलने की आस में बैठे हुए हैं लेकिन मौके पर कोई भी प्रशासनिक अधिकारी मौजूद नहीं था**

पुष्पांजली टुडे

**मुरैना।** प्रदेश भर में किसानों को हो रही खाद की किल्लत को लेकर प्रशासन बेखबर बना हुआ है। एक तरफ देखा जाए तो प्रशासन की तरफ से किसानों के लिए बड़े-बड़े वादे किए जा रहे हैं तो वहीं मुरैना में सोमवार सुबह का दृश्य साफ तौर पर प्रशासन के सारे वादों की पोल खोलता दिख रहा है। दरअसल मुरैना सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के गल्ला मंडी परिसर में बीती रात से ही खाद के लिए किसान अपने परिवार के साथ लम्बी लाइनों में बैठे हुए हैं।

**खाद की आस में घंटों लंबी कतार में बैठे किसान, महिलाएं-बच्चे भी परेशान, प्रशासन मौन:** जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह गल्ला मंडी परिसर में किसान लंबी कतारों में लगे खाद मिलने की आस में बैठे हुए हैं। तो वहीं प्रशासन की लापरवाही भी देखी गई। यहां पुलिस प्रशासन का कोई भी कर्मचारी मौके पर मौजूद नहीं था। लंबी कतारों को लेकर कई लोगों से विवाद की स्थिति उत्पन्न हुई, लेकिन प्रशासन मौके पर नहीं पहुंचा। खाद की किल्लत को लेकर किसान रात से ही अपने नंबर पर बैठे हुए हैं और उनके साथ-साथ महिला किसान भी अपने छोटे बच्चों को लेकर खाद की आस लगाए बैठी हैं, लेकिन हर रोज नंबर पर आने के बाद उनको खाद नसीब नहीं हो पा रहा है। सुबह से लेकर शाम तक किसान खाद के इंतजार में बैठ कर वापस अपने घर चले जाते हैं। सर्दी के मौसम में सुबह से ही किसान खाद के लिए इंतजार में बैठे हुए हैं। इससे पहले भी प्रशासन के द्वारा खाद की किल्लत को खत्म करने के लिए काफी संख्या में खाद की रैक मंगाई गई थी, लेकिन कुछ दिनों बाद इसकी मारा-मारी की स्थिति फिर से उत्पन्न हो गई। खाद के लिए लंबी कतारों में मासूम बच्चे भी अपने परिवार के साथ आस लगाए बैठे हुए हैं कि कब उनको खाद मिलेगा जिससे अपने परिवार के साथ घर जा सकेंगे।



### तीनों कृषि विरोधी काले कानून संसद में वापिस लिए गए। किसान आंदोलन की जीत। एमएसपी कानून और अन्य मुद्दों के लिए संघर्ष जारी रहेगा।

विशेष संवाददाता। भीमसेन सिंह तोमर




पुष्पांजली टुडे

**मुरैना।** तीनों कृषि विरोधी काले कानून लोकसभा और राज्यसभा में वापिस लिए गए।यह किसान आंदोलन की जीत है।गत 01 वर्ष से जारी किसान आंदोलन में 700 से ज्यादा किसान शहीद हो गए। किसान आंदोलन को भारी दमन का सामना करना पड़ा लेकिन उसके बाद भी किसान पीछे नहीं हटे और अंततः ऐतिहासिक किसान आंदोलन की जीत हुई। कृषि विरोधी काले कानून मोदी सरकार द्वारा लोकसभा राजसभा में वापिस ले लिए गए हैं। यह मध्य प्रदेश किसान सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष, संयुक्त किसान मोर्चा के नेता अशोक तिवारी ने जारी एक वक्तव्य में कहा है। उन्होंने कहा है कि इसके अलावा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसल खरीदी अनिवार्य करने का कानून बनाया जाए। बिजली के निजीकरण संबंधी बिल जो लोकसभा में लंबित है, उसे वापस लिया जाए। किसानों की हत्या के षड्यंत्र में शामिल टेनी मिश्रा गृह राज्य मंत्री को बर्खास्त और गिरफ्तार किया जाए।

### - कहीं फिर बेपटरी न हो जाए जीवन

# सावधान! फिर डराने लगा कोरोना



**भोपाल।** द्धशादी-ब्याह, चुनाव, त्योहार और अन्य आयोजनों में मशगुल जनता फिलहाल कोरोना से पूरी तरह से बेफिक्र है, लेकिन पड़ोसी देशों के साथ ही प्रदेश और अन्य राज्यों में भी अब दोबारा कोरोना डराने लगा है। अब फिर से यह डर लग रहा है कि कहीं फिर से आम जनजीवन बेपटरी न हो जाए।

दरअसल, कोरोना का खतरा फिर से सताने को दहलीज पर तैयार खड़ा है। वहीं, दूसरी बड़ी चिंता ये है कि हर दिन कोरोना अनुकूल प्रोटोकॉल टूट रहे हैं। न कोई मास्क पहन रहा है न ही कोई सामाजिक दूरी का पालन कर रहा है, इसी कारण चिंता दो गुना हो गई है। वहीं, टीकाकरण में भी हम काफी पिछड़ी हुई स्थिति में है, जिस पर काम नहीं हो पा रहा है। इसी कारण यह डर बरकरार है और चिंता ज्यादा बढ़ गई है। खास बात यह है कि जैसे-तैसे कोरोना से बाहर निकलकर आम जन-जीवन ठीक हो पाया था लेकिन वर्तमान हालात फिर से इसे बिगाड़ने पर तुले हैं। इसके लिए जरूरी एहतियात और सावधानी बरतने की फिर जरूरत है।

**शादियों में पूरी छूट.... सुपर स्प्रेडर साबित हो रहीं:** कोरोना का संक्रमण बढ़ाने, फैलाने का सबसे बड़ा स्त्रोत इन दिनों शादी-ब्याह ही हैं। इनमें उमडने़ वाली भीड़ सुपर स्प्रेडर का काम कर रही है। इधर, शासन ने सभी पाबंदियां खत्म कर दी। पाबंदियां क्या खत्म की लोगों ने मान लिया कोरोना भी खत्म हो गया, और भी ज्यादा बेफिक्र होकर लोग घूमने लगे, नियम तोडने़ लगे। इसी कारण कोरोना को लेकर डर बना हुआ है।

**स्कूलों में सर्वाधिक खतरा... व्यवस्थाएं बदलीं:** हाल ही में ऑनलाइन से मैनुअल और पूरी क्षमता के साथ खुले स्कूलों के सामने फिर चुनौती आ गई। स्कूलों में भी ज्यादातर बच्चे होने के कारण यहां भी संक्रमण का पूरा खतरा है। इसी कारण राज्य शासन ने त्वरित निर्णय लिए कि ऑनलाइन क्लासेस जारी रखी जाएं, साथ ही स्कूलों में 100 की बजाए 50 प्रतिशत क्षमता के साथ ही बच्चे पहुंचे। हालांकि स्प्रेड अपनी जगह है लेकिन स्कूलों के बंद होने से बच्चों का भविष्य भी लगातार अधर में है।

## भाजपा सरकार के मुखिया स्वयंभू मामा शिवराज सिंह कंस मामा है, या शकुनि मामा

**भोपाल।** वर्तमान वैश्विक बीमारी के दौर में दुनिया के कई देशों ने बचाव कि अपनी तैयारियां करते हुए फिर से अपनी अंतर्राष्ट्रीय सीमाएं अन्य देशों के लिए बंद कर दी है, वही मप्र सरकार ने सब कुछ पूरी क्षमता के साथ खोलने की घोषणा कर दी है। देश के भविष्य के साथ खेलते हुए पहले पूरी क्षमता ओर अब आधी क्षमता के साथ विद्यालय खोलने की बात सरकार कह रही है। आदेशों में कई बार हास्यास्पद आदेश जारी किया जा रहा है, जो पालकों को लगातार निराश कर रहा है। अभी जो घोषणा कि गई है, उसमे कहा गया है कि विद्यालय जाने वाले 18 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए आदेश है। शिवराज सिंह जी बताएं विद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थी क्या 18 वर्ष से बड़े भी होते है, क्या वो विद्यालय जाने की पात्रता रखते है। ओर आधी क्षमता के साथ जो विद्यार्थी विद्यालय जाएंगे उनकी जान माल की गारटी क्या सरकार लेगी। यह बात समाजवादी पार्टी मप्र, युवजन सभा के प्रदेश अध्यक्ष यश भारतीय ने एक पत्रकार वार्ता मे कही। वहीं उन्होने सवाल करते हुए कहा कि सरकार अपनी तैयारियों के बारे में बताएं, हाल ही में हम सबने देखा नियमित होने वाली स्वास्थ्य सेवाएं किस तरह चरमराई हुई है। हमीदिया अस्पताल में आग लगने से बच्चों की जान चली गई, जिम्मेदारी किसी की भी साबित नही हुई। ऐसे में यदि अचानक से बच्चों के स्वास्थ्य पर असर पड़ता है, तो देश के भविष्य की जान पर बन आएगी और सरकार बाद में हर बार की तरह खाना पूर्ति करती रह जाएगी। क्योकि हमने देखा है, हमीदिया अस्पताल में घटना होने पर भी शिवराज सिंह अस्पताल नही पहुँच पाते है, लेकिन भाजपा जिला अध्यक्ष घायल हो जाते है, तो उनको तुरंत मुख्यमंत्री निजी अस्पताल में देखने पहुँच जाते है।

(भोपाल) भोपाल गैस कांड के असर से जन्मजात विकृति के साथ पैदा हो रहे बच्चों ने लगाई कानूनी अधिकार दिलाने की मांग

भोपाल(ईएमएस)। यूनियन कार्बाइड के जहर से पीड़ित माता-पिताओ के जन्मजात विकृति के साथ पैदा हो रहे बच्चों ने सोमवार को प्रधानमन्त्री और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री से आग्रह किया की यूनियन कार्बाइड/डाव केमिकल से उनके स्वास्थ्य को पहुंची क्षति के कानूनी अधिकार दिलाए। भोपाल गैस पीड़ित महिला स्टेशनरी कर्मचारी संघ की रशीदा बी ने कहा कि गैस पीड़ितों को जन्मे बच्चों में स्वास्थ्य को पहुंची क्षति के वैज्ञानिक सबूत, न्यायिक स्वीकृति और कानूनी सिद्धांतों के समर्थन होने के बावजूद भी केंद्र और राज्य सरकार, इस बात को नजरअंदाज क्यों कर रही है। गैस पीड़ितों के 37 साल-37 सवाल की मुहीम के 35वे दिन पर यूनियन कार्बाइड गैस हादसे से प्रभावित माता पिता से पैदा हुए विकलांग बच्चों ने राज्य और केंद्र सरकार से जवाब माँगा। उन्होंने पूछा, ÷जब इस बात के वैज्ञानिक सबूत हैं, कि यूनियन कार्बाइड की जहरीली गैसों की वजह से गैस कांड के बाद पैदा हुए पीड़ितों के बच्चों के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा है। तो गैस पीड़ितों की अगली पीढ़ी को यूनियन कार्बाइड व डाव केमिकल से मुआवजा पाने का कानूनी हक़ दिलाने के लिए आज तक केंद्र व प्रदेश की सरकारों ने कोई कदम क्यों नहीं उठाया है। भोपाल ग्रुप फॉर इन्फॉर्मेशन एन्ड एक्शन की रचना ढिंगरा ने कहा कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में प्रकाशित शोध पत्रों में यूनियन कार्बाइड की जहरीली गैसों से प्रभावित माता पिता के जन्मे बच्चों में अनुवांशिक (जीनोटॉक्सिक) विकार पाए गए है। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के अध्ययन में हादसे के 5 साल बाद तक जहरीले गैस के संपर्क में आने वाली महिलाओं में गर्भपात का दर बहुत बड़ा पाया गया है। राष्ट्रीय पर्यावरणीय अनुशंधान संस्था (एनआईआरईएच) की 2016 के गैस पीड़ित माताओं के बच्चों में अपीडित माताओं के बच्चों के मुकाबले 7 गुना ज्यादा जन्मजात विकृतियां बताने वाले एक अध्ययन के नतीजे को प्रकाशित नहीं करने का फैसला किया। हालांकि इस अध्ययन के निष्कर्षों का इस्तेमाल यूनियन कार्बाइड/डाव केमिकल से अतिरिक्त मुआवजे के लिए दायर सुधार याचिका में किया जाना था, पर भारत सरकार की शोध संस्था के नीतजो को ही दबा दिया गया है। ओर सर्वोच्च न्यायालय के 3 अक्टूबर 1991 के फैसले ने निर्देश दिया था, की गैस पीड़ित माता-पिता को पैदा हुए कम से कम 1 लाख बच्चों को चिकित्सीय बीमा कवरेज प्रदान किया जाए लेकिन आज तक एक भी बच्चे को बीमा नहीं कराया गया है।

डाव-कार्बाइड के खिलाफ बच्चों को उनका अधिकार दिलाने के लिये लड रही नौशीन खान ने बताया कि कि गैस पीड़ित माता-पिता को पैदा हुई 10 वर्षीय पूनम अहिरवार जन्मजात विकृति से पीड़ित है। वह ईआरबीएस पाल्सी से पीड़ित है, जिससे उसकी गर्दन और हाथ की गति प्रतिबंधित है। इसी तरह 19 वर्षीय मोहम्मद जैद भी जन्मजात विकृति (सीटीईवी) के साथ पैदा हुए जिसकी वजह से पूर्ण रूप से शारीरिक विकलांग है। दोनों ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री से आग्रह किया की वह उनके मुआवजे की कानूनी अधिकारों को पूरा करे ताकि वह

## प्रोफेसर भरत मिश्रा महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलपति बने

**भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने प्रोफेसर भरत मिश्रा को महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय सतना का कुलपति नियुक्त किया है। प्रोफेसर श्री मिश्रा वर्तमान में इस विश्वविद्यालय में ही भौतिक विज्ञान विभाग और विज्ञान एवं पर्यावरण संकाय के आचार्य हैं। कुलपति की नियुक्ति महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय अधिनियम 1991 की धारा 24 की उपधारा छः में प्रदत्त शक्तियों के तहत की गई है। कुलपति के रूप में प्रोफेसर भरत मिश्रा का कार्यकाल कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से चार वर्ष की कालावधि के लिए होगा।

# सेंट्रल जेल के अंदर मुंह में रखकर चरस ले जा रहे तीन सिपाही पकड़े, सस्पेंड

**उज्जैन।** सेंट्रल भैरवगढ़ जेल में एक के बाद एक नए खुलासे हो रहे हैं। जेल में रविवार शाम को जेल अधिकारी, कर्मचारी और बंदी काल भैरव की सवारी देखने की तैयारी में थे। इस बीच जेल अधीक्षक उषा राज ने तीन सिपाही को मुंह में चरस ले जाते हुए पकड़ लिया। तीनों मुंह नहीं खोल रहे थे। जब उषा राज ने सख्ती की तो उनके मुंह से चरस की पुड़िया निकलीं। ये सिपाही बाहर से चरस खरीदकर अंदर कैदियों को अधिक दाम में बेचते थे। जेल अधीक्षक ने जेल मुख्यालय से घटना की शिकायत कर दी है।

रविवार की शाम जेल अधीक्षक उषा राज खुद चेकिंग कर रही थीं, तभी सिपाही शाहरुख, यशपाल कहार और बलराम भी उषा राज के सामने आए। तीनों के मुंह बंद थे। जब उन्हें रुकवाया तो वे मुंह खोलने को तैयार नहीं हुए। सख्ती करने पर तीनों ने मुंह खोला तो चरस की पुड़िया निकली। चरस जब्त कर पंचनामा बनाया और तीनों सिपाहियों को सस्पेंड कर दिया। घटना की जानकारी जेल डीजी को भी दे दी गई है। जेल मुख्यालय तीनों दोषियों को बर्खास्त करने की तैयारी में है।

### 800 की पुड़िया 1500 में बेचते थे

जेल अधीक्षक उषा राज ने बताया सिपाही यशपाल ने स्वीकारा है कि वह बाहर से 800 रुपए में नशे की पुड़िया खरीदता था और कैदियों को वही पुड़िया 1500 रुपए में बेचता था। उसने यह भी स्वीकारा कि पूर्व अधिकारियों के कार्यकाल में दो से तीन बार जेल में चरस की पुड़िया ले गया था। अधिकारी बदले तो बंद कर दिया था।

### पुलिस को कार्रवाई के लिए लिखेंगे पत्र

सिपाही बाहर किससे चरस खरीदते थे और अंदर किसे बेचते थे, इस संबंध में पुलिस को कार्रवाई के लिए पत्र लिख रहे हैं। सभी सिपाहियों पर नजर रखी जा रही है। इसके लिए अलग से टीम बनाई गई है।

## उर्वरक की उपलब्धता और सुचारू वितरण का कार्य सुनिश्चित किया जाए

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि किसानों के लिए उर्वरक की उपलब्धता और सुचारू वितरण का कार्य सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बैठक में प्रदेश के लिए की जा रही उर्वरक आपूर्ति की विस्तार से जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने समीक्षा बैठक में किसानों के लिए खाद वितरण की सभी व्यवस्थाएँ बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए।

बैठक में जानकारी दी गई कि केन्द्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री मनसुख मांडविया ने मध्यप्रदेश के लिए उर्वरकों की समुचित आपूर्ति के निर्देश दिए हैं, साथ ही उन्होंने मध्यप्रदेश की व्यवस्थाओं की सराहना भी की है। प्रदेश के सहकारिता मंत्री अरविंद सिंह भदौरिया, मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव मनीष रस्तोगी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। प्रमुख सचिव अजीत केसरी ने प्रदेश में उर्वरक की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था की जानकारी प्रदान की।

# एयर इंडिया से मुंबई जाने वाले यात्रियों को पूरी रात एयरपोर्ट पर बितानी पड़ी

### 14 घंटे बाद हुआ फ्लाइट का इंतजाम, यात्रियों का गुस्सा फूटा



**भोपाल।** एयर इंडिया की उड़ान से मुंबई जाने वाले यात्रियों को पूरी रात एयरपोर्ट पर ही बितानी पड़ी। तकनीकी खराबी का कारण बताते हुए शनिवार रात को उड़ान निरस्त कर दी गई थी। लापरवाही का आलम यह कि एयर इंडिया शनिवार शाम आठ बजे से फ्लाइट का इंतजार कर रहे यात्रियों के लिए सुबह तक वैकल्पिक उड़ान की व्यवस्था नहीं कर सका। रातभर के इंतजार के बाद राजा भोज एयरपोर्ट पर यात्रियों का सब्र आखिरकार जवाब दे गया और उन्होंने हंगामा करते हुए अधिकारियों को जमकर खरी-खोटी सुनाई तथा एयर इंडिया हाय-हाय के नारे लगाए।

आखिरकार कुछ यात्रियों को एयर इंडिया ने अपनी नियमित उड़ान एआइ 634 से मुंबई रवाना किया। यह उड़ान सुबह 10:15 बजे भोपाल से मुंबई के लिए टेकऑफ हुई। कुछ यात्रियों ने अपनी यात्रा रद्द कर दी वहीं कुछ यात्री कल यानी सोमवार को एयर इंडिया की फ्लाइट से जाने के लिए सहमत हो गए। इन्हें अब कल भेजा जाएगा। यात्री डॉ अपूर्व लोया ने बताया कि 14 घंटे इंतजार करने के बाद उड़ान मिल सकी। एयर इंडिया की इस लचर सेवा से कोई भी यात्री संतुष्ट नहीं है।

### रात भर परेशान हुए यात्री, वैकल्पिक व्यवस्था भी नहीं हुई

यात्री पवन कुमार के अनुसार देर रात को हमें बताया गया कि आपको होटल ले जाया जा रहा है सुबह आपको मुंबई रवाना किया जाएगा लेकिन न तो होटल की व्यवस्था की गई न दूसरी उड़ान समय पर आई। सुबह की नियमित उड़ान भी अभी तक भोपाल नहीं पहुंची है, इससे यात्रियों का गुस्सा बढ़ गया। कई यात्रियों को जरूरी काम था उनका पूरा कार्यक्रम गड़बड़ा गया है। यात्रियों ने अपना गुस्सा इंटरनेट मीडिया पर भी निकाला। सरबजीत नामक एक यात्री ने फेसबुक पोस्ट लिखते हुए एयर इंडिया को जमकर खरी-खोटी सुनाई। वहीं एक अन्य यात्री अंजली सिंह ने कहा कि एयर इंडिया के कारण उनके एसाइनमेंट डिले हो गए। उनके साथ कम्पनी ने बुरा बर्ताव किया।

### इंडिगो का लखनऊ जाने वाला हवाई जहाज खराब यात्री एक घंटे परेशान हुए

इंदौर। देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लखनऊ जाने वाला इंडिगो एयर लायंस का हवाई जहाज खराब हो गया। यात्री एक डेढ़ घंटे तक परेशान होते हैं। 30 अक्टूबर से शुरू हुई लखनऊ की इंडिगो की उड़ान सुबह ही पहली उड़ान होती हे। यह सुबह 5 बजकर 20 मिनट पर इंदौर से उड़कर 7 बजकर 10 मिनट पर लखनऊ पहुंच जाती है। तड़के साढ़े तीन बजे से ही हवाई अड्डे पर यात्रियों का आना शुरू हो जाता है। फ्लाइट 6 बजकर 25 मिनट पर इंदौर से रवाना हो सकी। सुबह विमान को उड़ान के पहले चेक करते समय तकनीके खराबी पाई गई। वैसे यह विमान रात को ही इंदौर एयरपोर्ट पर आ जाता है। विमान कंपनी इंडिगो ने उड़ान में देरी को लेकर कुछ बताया नहीं है लेकिन हवाई अड्डे के सूत्रों ने तकनीकी खराबी को वजह बताया है। विमान एक घंटा पांच मिनट देरी से लखनऊ के लिए रवाना हुआ।



# शाही ठाठ बाट से निकली महाकाल के सेनापति काल भैरव की सवारी

**उज्जैन ।** अगहन कृष्ण अष्टमी पर कालभैरव मंदिर से शाही ठाठ बाट के साथ भगवान कालभैरव की सवारी निकली। कोरोना प्रतिबंध समाप्त होने के बाद निकली सेनापति की सवारी में आस्था का सैलाब उमड़ा। भैरवगढ़ के परंपरागत मार्ग से निकली सवारी में हजारों भक्त मौजूद थे। पुलिस अधीक्षक सत्येंद्रकुमार शुक्ला, अपर कलेक्टर अवि प्रसाद, मंदिर प्रबंधक कैलाश तिवारी ने भगवान कालभैरव की पूजा अर्चना कर सिंधिया शाही की पगड़ी धारण कराई। इसके बाद सभा मंडप में पालकी में विराजित भगवान कालभैरव के रजत मुखारविंद का पूजन कर पालकी का नगर भ्रमण के लिए रवाना किया। मंदिर के मुख्य द्वार पर सशस्त्र बल की टुकड़ी ने सेनापति को सालमी दी इसके बाद शाही ठाठ बाट के साथ सवारी शिप्रा के सिद्धवट घाट की ओर रवाना हुई।

केंद्रीय जेल भैरवगढ़ में जेल अधीक्षक उषा राज ने पालकी का पूजन किया। जेल में निरुद्ध बंदियों ने पुष्प वर्षा कर सेनापति का स्वागत किया। यहां से सवारी जेल तिराहा, भैरवगढ़ नाका, महेंद्र मार्ग, माणक चौक होते हुए मोक्षदायिनी शिप्रा के सिद्धवट घाट पहुंची। यहां पुजारियों ने भगवान कालभैरव, सिद्धवट व शिप्रा जी की पूजा अर्चना की। पूजन पश्चात सवारी पुनः कालभैरव मंदिर के लिए रवाना हुई। सवारी के कालभैरव मंदिर पहुंचने के बाद भगवान की पूजा अर्चना की गई।

## सोशल मीडिया पर विरोधियों को फॉलो करें वे आपकी कमजोरी को उजागर करते हैं : संतोष

**भोपाल।** बीजेपी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष ने पार्टी के प्रवक्ताओं व मीडिया विभाग के पदाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे सोशल मीडिया पर विरोधियों को जरूर फॉलो करें। क्योंकि वही आपकी कमजोरी को उजागर करते हैं। इसके हिसाब से ही अपनी कार्य पद्धति को आगे बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि पार्टी का पक्ष रखते समय बिल्कुल भी आवेश में नहीं आएं। इससे पार्टी का तथ्यात्मक पक्ष जतना के बीच में नहीं जा पाता है।

राष्ट्रीय संगठन महामंत्री रविवार को तीन दिन के प्रदेश दौरे पर हैं। वे 27 नवंबर को ग्वालियर में थे। जहां उन्होंनं आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत से मुलाकात की थी। इसके बाद वे 28 नवंबर को भोपाल पहुंचे। उन्होंने बीजेपी कार्यालय में मीडिया विभाग और प्रदेश प्रवक्ताओं की बैठक ली। उन्होंने कहा कि प्रवक्ताओं की मॉनिटिरंग की व्यवस्था भी होना चाहिए। इसके लिए वाट्सएप ग्रुप बनाया जाए। ताकि यह पता चल सके कि प्रवक्ता किस मुद्दे पर अपना पक्ष रखते समय कौन-कौन से तर्क रख रहे हैं। उन्होंने सवाल किया- तथ्यों की जानकारी कहां से जुटाई जुटाई जाती है। इस पर बताया गया कि गूगल सर्च एंजिन से। उन्होंने कहा कि प्रवक्ता पार्टी का चेहरा होता है। उसकी कही बात को पार्टी खारिज नहीं कर सकती है। यदि मुख्यमंत्री हो या फिर अन्य कोई नेता, पार्टी से जुड़े उनके बयान से ज्यादा महत्व प्रवक्ताओं का है। उन्होंने कहा कि अपने काम का सेल्फ एनालिसिस करें और हिंदी के अलावा एक अन्य भाषा सीखें। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा और प्रदेश मीडिया प्रभारी लोकेंद्र पाराशर भी मौजूद रहे।

## मॉल की पार्किंग मे खडी कार से अज्ञात बदमाशो ने उडाया कीमती पर्स

**भोपाल।** राजाधनी के निशातपुरा थाना इलाके मे स्थित पीपुल्स मॉल के बाहर पार्किंग में खड़ी कार से अज्ञात बदमाश ने कीमती पर्स उडा दिया। चोरी गये पर्स में नगदी, कीमती मोबाइल, दो अंगूठी, बालिया, लोंग सहित कान के टॉप्स रखे हुए थे। घटना शाम पांच बजे से साढ़े आठ बजे के बीच बताई जा रही है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर उसकी सुरागशी के लिये घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाल रही है। थाना पुलिस के अनुसार हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी करोंद में रहने वाली 32 वर्षीय अंजुम आरा पति हबीबउल्ला ने अपनी शिकायत मे बताया कि बीती शाम वो परिजन के साथ पीपुल्स शॉपिंग मॉल गई थी। शाम करीब पांच बजे उन्होंने कार बाहर खड़ी की और अंदर मॉल में खरीदारी करने चली गई।

# भोपाल से चलने वाली इन ट्रेनों में लगे एक्स्ट्रा कोच

**भोपाल।** यात्रियों की सुविधा के लिए रेल प्रशासन अब ट्रेनों में एक्स्ट्रा कोच लगाएगा. एक्स्ट्रा कोच खासकर उन ट्रेनों में लगाए जाएंगे, जिनमें वेटिंग लिस्ट ज्यादा है. रेल प्रशासन की यात्रियों से अपील है कि उन्हें अब घबराने की जरूरत नहीं. क्योंकि, उनकी वेटिंग एक्स्ट्रा कोच लगने से क्लियर हो जाएगी. फिलहाल रेल प्रशासन ने हमसफर सुपरफास्ट और भोपाल एक्सप्रेस में एक्स्ट्रा कोच लगा दिए हैं।

क्रिसमस और नए साल के मद्देनजर लोग अभी से बाहर जाने की तैयारी कर रहे हैं। रेल प्रशासन ने रानी कमलापति-संतरागाछी-रानी कमलापति सुपरफास्ट हमसफर एक्सप्रेस ट्रेन में स्लीपर के 2 कोच स्थाई रूप से बढ़ाने का निर्णय लिया है. गाड़ी में दो स्थाई कोच बढ़ने से 160 बर्थ अतिरिक्त उपलब्ध होगी और वेटिंग लिस्ट वाले 160 यात्रियों को लाभ मिलेगा।

**22 कोचों के साथ चलेगी ये ट्रेन:** गाड़ी संख्या 22169 रानी कमलापति-संतरागाछी सुपरफास्ट ट्रेन में एक दिसम्बर से रानी कमलापति स्टेशन से और गाड़ी संख्या 22170 संतरागाछी-रानी कमलापति सुपरफास्ट हमसफर ट्रेन में 2 दिसंबर से संतरागाछी स्टेशन से 2 स्लीपर कोच स्थाई रूप से बढ़ा दिए गए हैं।



### इस ट्रेन में कल लगेंगे कोच

दूसरी ओर, भोपाल-सिंगरौली-भोपाल सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन में भी स्लीपर कैटेगरी के दो कोच स्थायी रूप से बढ़ाने का निर्णय लिया गया है. गाड़ी संख्या 22166 सिंगरौली-भोपाल एक्सप्रेस ट्रेन में सिंगरौली स्टेशन से 30 नवंबर से 2 स्लीपर कैटेगरी के कोच स्थाई रूप से बढ़ाए जा रहे हैं. 2 कोच बढ़ जाने से यह गाड़ी एक वातानुकूलित प्रथम सह द्वितीय श्रेणी, 2 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 10 शयनयान श्रेणी, 6 सामान्य श्रेणी एवं 2 एसएलआरडी सहित 21 कोचों के साथ चलेगी।

### भोपाल-इटारसी रूट पर बढ़ेगी ट्रेनों की रफ्तार

94 किमी के भोपाल-इटारसी सेक्शन में ट्रेनों की स्पीड बढ़ाने के साथ-साथ मालगाड़ियों से समय पर सामान पहुंचाने और औद्योगिक विकास के लिए छोटे-बड़े 67 ब्रिजों का निर्माण चल रहा है। वहीं, इसी रूट पर 26.5 किमी में 5 रेल टनल भी बनाई जा रही हैं। इनमें से 2 सबसे बड़ी टनल का काम पूरा हो गया है। इस सेक्शन से रोज 80 से ज्यादा मेल-एक्सप्रेस व 34 जोड़ मालगाड़ियों का संचालन किया जाता है। इसी को देखते हुए तीसरी रेल लाइन के तहत बरखड़ा-बुदनी सेक्शन में 67 ब्रिजों का निर्माण चल रहा है। इनमें 13 बड़े और 54 छोटे ब्रिज शामिल हैं।

# राजकीय सम्मान के साथ हुआ वयोवृद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री नाथूराम सूत्रकार जी का अंतिम संस्कार



अपर कलेक्टर श्री एच.बी. शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री रवि भदौरिया ने पुष्पचक्र अर्पित किये।

### स्व. नाथूराम सूत्रकार का निधन देश की आजादी के लिए त्याग करने वाले का स्थान रिक्त हुआः कांग्रेस







ग्वालियर। वयोवृद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री नाथूराम सूत्रकार जी का रविवार की रात निधन हो गया। सोमवार को उनकी पार्थिव देह का पूरे राजकीय सम्मान के साथ चार शहर का नाका मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार के समय गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया।

कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ,पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी एवं अपर कलेक्टर श्री एच.बी0 शर्मा ने न्यू कॉलोनी नं.- एक, विरला नगर पहुंच कर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. नाथूराम जी की पार्थिव देह पर पुष्पांजलि अर्पित की। साथ ही उनके परिजनों को राज्य शासन की ओर से अंत्येष्टि के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की। इसके अलावा रेडक्रॉस से भी स्व. सूत्रकार जी के परिवारजनों को एक लाख रूपये की सम्मान राशि जिला प्रशासन ने प्रदान की है।

चारशहर का नाका मुक्तिधाम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. सूत्रकार जी की पार्थिव देह पर राज्य शासन की ओर से अपर कलेक्टर श्री एच.बी. शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री रवि भदौरिया ने पुष्पचक्र अर्पित किये।

शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा, ग्रामीण जिला अध्यक्ष अशोक सिंह, प्रदेश महासचिव सुनील शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष महाराज सिंह पटेल, अमर सिंह माहोर आदि ने स्वतंत्रता संग्राम सैनानी श्री नाथूराम सूत्रकार जी के निधन पर कांग्रेस पार्टी की और तिरंगा ध्वज एवं माला अर्पण की एवं स्वाधीनता आंदोलन में उनके किए त्याग के लिए नमन करते हुए कांग्रेस पार्टी की और से स्व. श्री नाथूराम सूत्रकार जी को विनम्र श्रृद्धांजली अर्पित की।

# माधव बाल निकेतन एवं वृद्ध आश्रम में रह रहे 10 वृद्धों की पेंशन स्वीकृत



ग्वालियर। नगर निगम सीमाक्षेत्र के अंतर्गत वृद्धा आश्रम में निवासरत वृद्धों के लिए शिविर लगाकर पेंशन का भौतिक सत्यापन कर उनको पेंशन स्वीकृत की जा रही है। नोडल अधिकारी जनकल्याण श्रीमती पूर्वी अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि माधव बाल निकेतन एवं वृद्ध आश्रम में रह रहे 10 वृद्धों की कुछ दिन पहले पेंशन बनाने के लिए दस्तावेज लिये थे। उनकी दस्तावेज बेरीफिकेशन होने का बाद पेंशन 600 रूपये स्वीकृत हो गई। उपायुक्त श्री अतिबल सिंह यादव ने वृद्धा आश्रम पंहुचकर सभी वृद्धजनों को पेंशन स्वीकृति आदेश दिये, जिससे उनके चहरे खिल हुटे। इस अवसर पर माधव बाल निकेतन एवं वृद्ध आश्रम के चेयरमैन श्री नूतन श्रीवास्तव, श्याम श्रीवास्तव, श्रीमती सीमा सक्सेना, नीरज श्रीवास्तव, माधवी बाथम आदि उपस्थित रहे।

त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन-2021-22

# जिला पंचायत, जनपद पंचायत, सरपंच व पंच के निर्वाचन के लिए रिटर्निंग व सहायक रिटर्निं ऑफीसर नियुक्त

ग्वालियर। जिले में त्रि-स्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन के लिए जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच एवं पंच पदों के निर्वाचन के लिए रिटर्निंग ऑफीसर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर की नियुक्ति कर दी गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने इस आशय का आदेश जारी किया है।

जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला पंचायत सदस्यों के निर्वाचन के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह रिटर्निंग ऑफीसर का दायत्वि निभायेंगे। कलेक्टर श्री सिंह कलेक्ट्रेट में भू-तल पर स्थित कलेक्टर न्यायालय कक्ष में बैठकर नाम निर्देशन प्रत्र प्राप्त करेंगे। जिला पंचायत सदस्य के निर्वाचन के लिए अपर कलेक्टर श्री एच.बी शर्मा को भितरवार व डबरा जनपद पंचायत क्षेत्र के जिला पंचायत वार्डों के सदस्य निर्वाचन के लिए सहायक रिटर्निंग ऑफीसर की जिम्मेदारी दी गई है। श्री एच.बी. शर्मा कलेक्ट्रेट में प्रथम तल स्थित कक्ष क्रमांक 203 में बैठ कर अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। इसी तरह संयुक्त् कलेक्टर श्री प्रदीप तोमर को घाटीगांव व मुरार जनपद पंचायत क्षेत्र के जिला पंचायत वार्डों के सदस्य निर्वाचन के लिए सहायक रिटर्निंग ऑफीसर की जिम्मेदारी दी गई है। श्री तोमर कलेक्ट्रेट के प्रथम तल पर स्थित कक्ष क्रमांक 208 में बैठ कर अपने दायित्वों का निर्वहन करेगें।

इसी प्रक्रार जनपद पंचायत सदस्यों और






# सुशासन का प्रभावी माध्यम बनी है कमिश्नर-कलेक्टर कॉन्फ्रेंसः मुख्यमंत्री श्री चौहान

**कलेक्टर-एसपी के काम पर निर्भर है जनता को सुशासन देना**

**कलेक्टर-एसपी के अच्छे कार्य का बेहतर असर होता है**

**पुलिस प्रशासन की ?िलाई से सरकार की छवि प्रभावित होती है**

**मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कमिश्नर-कलेक्टर्स एवं पुलिस अधीक्षकों की वीडियो कॉन्फ्रेंस को किया संबोधित**




ग्वालियर। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कमिश्नर-कलेक्टर, आईजी-एसपी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ने अब सुशासन के लिए एक निश्चित व्यवस्था का स्वरूप धारण कर लिया है। यह सुशासन का प्रभावी माध्यम बनी है। कॉन्फ्रेंस का निश्चित एजेंडा है, उस पर बिंदुवार चर्चा होगी। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने डीजीपी कॉन्फ्रेंस में कई विषयों पर विचार-विमर्श किया है। इस संबंध में प्रधानमंत्री श्री मोदी के निर्देश भी प्राप्त हुए हैं। इन निर्देशों के संबंध में भी वीडियो कॉन्फ्रेंस में चर्चा की जाएगी।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कलेक्टर, एसपी अपने-अपने स्तर पर सरकार के प्रतिनिधि हैं। जिलों में उन्हीं के काम पर जनता को सुशासन देना निर्भर है। उन्हीं के कार्य से सरकार की विभिन्न योजनाएँ जनता तक पहुँचती हैं। जिला स्तर पर कलेक्टर-एसपी के अच्छे कार्य का बेहतर असर होता है, परंतु जहाँ ढिलाई रहती है उससे सरकार की छवि प्रभावित होती है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि संपूर्ण प्रशासनिक अमला पूरी प्रतिबद्धता से कार्य करें। मुख्यमंत्री श्री चौहान कमिश्नर, कलेक्टर, पुलिस महानिरीक्षक और पुलिस अधीक्षकों की वीडियो कांफ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। मंत्रालय से इस कांफ्रेंस में मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस, अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन श्री विनोद कुमार, अपर मुख्य सचिव गृह डॉ. राजेश राजौरा, पुलिस महानिदेशक श्री विवेक जौहरी उपस्थित थे। विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी कॉन्फ्रेंस से वर्चुअली जु?। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि सर्वप्रथम कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा और विश्लेषण किया जाएगा। कॉन्फ्रेंस में माफिया के विरुद्ध कार्यवाही, महिला अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था की स्थिति तथा माफिया के अतिक्रमण से मुक्त भूमि के उपयोग की समीक्षा होगी। विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं के लाभ की सभी पात्र हितग्राहियों को सरलता से उपलब्धता सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से 15 नवंबर से 15 दिसंबर 2021 तक चलाए जा रहे विशेष अभियान की भी समीक्षा की जाएगी। कॉन्फ्रेंस में सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण और कोविड-19 टीकाकरण की द्वितीय डोज लगाने की कार्यवाही की समीक्षा भी होना है। प्रधानमंत्री शहरी पथ विक्रेता स्वनिधि योजना और मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ विक्रेता योजना की प्रगति की समीक्षा भी की जाएगी। वीडियो कांफ्रेंस में मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, सी.एम. राइस योजना, मुख्यमंत्री राशन आपके ग्राम योजना, मध्यप्रदेश सिकल सेल (हीमोग्लोबिन) मिशन, मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना का प्रस्तुतिकरण तथा जिला कलेक्टर्स से अपेक्षाओं पर चर्चा होगी। वीडियो कान्फ्रेंस में एक जिला-एक पहचान योजना में सीहोर जिले में जारी नवाचारों पर प्रस्तुतिकरण होगा। इसके साथ ही स्व-सहायता समूहों के सशक्तिकरण के लिए श्योपुर जिले में जारी गतिविधियों तथा हरदा जिले में स्वामित्व योजना के क्रियान्वयन की स्थिति पर भी प्रस्तुतिकरण होगा।



# अनुपस्थित कर्मचारियों के एक दिवस के वेतन काटने के दिये निर्देश

**ग्वालियर।** नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देश पर शहर की साफ सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने एवं स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 की तैयारियों को लेकर निगम अधिकारियों द्वारा प्रतिदिन सुबह अपने अपने क्षेत्र में सफाई व्यवस्था की मोनिटरिंग की जाकर संबंधित कर्मचारियों को आवशयक दिशा निर्देश दिये जा रहे हैं। इसके साथ ही आमजनों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है। सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान 30 सफाई मित्र अनुपस्थि पाये गए। उपायुक्त श्री अतिबल सिंह यादव ने वार्ड 30 व 60 में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर सफाई मित्रों की उपस्थिति चैक की। जिसमें वार्ड 30 में श्रीमती भारती पत्नी विशाल, श्रीमती गंगा पत्नी राधेकिशन, श्रीमती गीता पत्नी रामप्रसाद, श्री गोली पुत्र हेवरन, श्री सतीश पुत्र नरेश, श्री मनीष पुत्र छोटेलाल, श्री राजा पुत्र महेश, श्री अरूण पुत्र भगवानदास, श्रीमती आशा पत्नी रामकिशन, श्री जीतू पुत्र रामदयाल, श्री मनीष पुत्र दौलत राम, श्री मनीष पुत्र पवन, श्री दीपक पुत्र ओमप्रकाश, श्री उदय पुत्र रामगोपाल श्री राकेश पुत्र सोनेराम, श्री राजेन्द पुत्र शिवदयाल, श्रीमती भारती पुत्र विशाल, वार्ड 60 में अनूप पुत्र रमेश, श्री सुरमेव पुत्र कल्लू, श्री मुकेश पुत्र भागवत अनुपस्थित पाये गए। जिसमें श्री राकेश पुत्र सोनेराम दो वर्ष से, श्री राजेन्द्र पुत्र शिवदयाल तीन माह से, श्रीमती भारती पत्नी विशाल एक माह से अनुपस्थित होने पर सेवा समाप्ति के निर्देश दिये साथ ही नो वर्क नो पेमेंट के आधार तीन दिवस में उपस्थित होने के निर्देशित किया। अन्य के एक दिवस के वेतन काटने के निर्देश दिये। इसके साथ ही वार्ड 64 में श्री भूरा पुत्र लटूरे विनियमित, श्री आकाश पुत्र छविराम आउटसोर्स, श्री गजराज पुत्र अम्रतलाल, श्री वल्लू पुत्र सीताराम, श्री सुनील पुत्र पूरन, श्री आलोक पुत्र गुरूचरण, श्री मुरारी पुत्र बालकराम, श्री लक्ष्मण पुत्र राजाराम, श्री रंजीत पुत्र कप्तान, साथ ही वार्ड 40 में श्री मोनू पुत्र राजू विनियमित अनुपस्थित पाये गए।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478